TC- MPBIL02560

# इंदौर फर्स्ट

डिजिटल
A Bilingual daily newspeper
दैनिक समाचार पत्र

वर्ष-03 अंक- 181 | उज्जैन, शुक्रवार 05 सितम्बर 2025 | मूल्य- 5 रू. पृष्ठ-6

## उज्जैन में बारिश...शिप्रा नदी उफान पर; रामघाट के कई मंदिर जलमग्न, कई इलाकों में भी हुआ जलभराव, प्रशासन अलर्ट पर

महाकाल की नगरी उज्जैन में पिछले 24 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। इसके चलते शिप्रा नदी उफान पर है। नदी के रामघाट के किनारे स्थित छोटे मंदिर जलमग्न हो चुके हैं। वहीं, बड़े मंदिरों के केवल शिखर ही दिखाई दे रहे हैं। घाट पर रखे हुए पुलिस के बैरिकेड आधे से ज्यादा डूब चुके हैं। साथ ही निचले इलाकों में जलभराव होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, शिप्रा नदी का जलस्तर पिछली रात से ही लगातार बढ़ रहा है। शहर के आस पास के क्षेत्रों में हो रही बारिश का असर भी उज्जैन में देखने को मिल रहा है। इसके कारण शहर की जल आपूर्ति करने वाला गंभीर डेम लबालब हो चुका है। वहीं, बारिश का दौर जारी है। शहर में अभी रुक रुक कर बारिश हो रही है।

**बाढ़ के चलते प्रशासन अलर्ट पर** घाट तक पानी पहुंचाने के कारण घाट के किनारे स्थित छोटी-छोटी दुकानें डूब चुकी हैं। वहीं, सुरक्षा कारणों से पुलिस ने घाट पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को जाने से रोक दिया है। घाट के आसपास बैरिकेडिंग की गई है। लगातार अनाउंस किया जा रहा है। इस सीजन में यह पहली बार है जब शिप्रा नदी में इतना पानी देखने को मिल रहा है। हालांकि पूर्व के वर्षों की तुलना में यह बहुत कम है।

**गंभीर डैम हुआ लबालब** शहर की प्यास बुझाने वाले गंभीर डैम की क्षमता 2250 एमसीएफटी है, जो कि एक सप्ताह पहले ही लबालब हो चुका था। इसके कारण डैम का एक गेट भी खोलना पड़ा था। यहां बता दें कि उज्जैन का गंभीर डैम आसपास के क्षेत्र में होने वाली बारिश से भरता है। इस बार यह डैम इंदौर के यशवंत सागर डैम के खोलने के कारण भरा। खास बात तो यह है कि जब डैम लबालब हुआ उस समय उज्जैन में बारिश नहीं हो रही थी।

**दो दिन तक बारिश का अलर्ट** शासकीय जीवाजी वैधशाला द्वारा जारी मौसम आंकड़ों के मुताबिक उज्जैन में अब तक 24 इंच वर्षा दर्ज की गई है। हालांकि यहां पर सामान्य वर्षा 36 इंच होना चाहिए। वर्तमान आंकड़े के हिसाब से 12 इंच अब भी कम है। हालांकि बीती रात तक उज्जैन में 3.36 इंच बारिश दर्ज की गई है। बाढ़ के हालात को देखते हुए नगर निगम, होमगार्ड और एसडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं।मौसम विभागने अगले दो दिनों तक और बारिश होने की संभावना जताई है।

**धार्मिक कार्य हुए प्रभावित** शिप्रा नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण रामघाट पर होने वाले पूजन पाठ और तर्पण के कार्य प्रभावित हुए हैं। अब यह सभी धार्मिक कार्य पंडे पुजारी घाट के ऊपर अन्य जगहों पर कर रहे हैं। बता दें कि उज्जैन की शिप्रा नदी का महत्व बिहार के गया कि फाल्गु नदी के बराबर है। इसलिए यहां भी पिंडदान, अस्थि विसर्जन व तर्पण के लिए देश के कोने-कोने से लोग पहुंचते हैं। अपने पूर्वजों की आत्मा शांति हेतु क्रिया कर्म करवाते हैं। फिलहाल जलस्तर बढ़ने के चलते अनहोनी से बचाने के लिए भक्तों को घाट से दूर रखा जा रहा है।

**कई इलाकों मे जलभराव, प्रशासन अलर्ट पर** बारिश के कारण शहर के बहादुरगंज, एटलस चौराहा, केडी गेट, नीलगंगा, इंदौर गेट, दशहरा मैदान सहित कई क्षेत्रों में जलभराव हो गया है। इन क्षेत्रों के रहवासी जलभराव के कारण खासे परेशान नजर आ रहे हैं। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक और बारिश होने की संभावना जताई है।

**छोटा ब्रिज डूबा, घाटों पर सुरक्षा बढ़ाई गई** शिप्रा नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण उज्जैन-बड़नगर मार्ग स्थित छोटा ब्रिज पूरी तरह से डूब गया है। एहतियात के तौर पर पुलिस बल को मौके पर तैनात किया गया है। रामघाट पर नगर निगम, होमगार्ड और एसडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं। घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं को घाट से दूर रखा जा रहा है ताकि किसी प्रकार की अनहोनी से बचा जा सके।

# इंदौर को मिली ग्रीन मोबिलिटी की नई सौगात

## सीएम ने 50 इलेक्ट्रिक एसी बसों को दिखाई हरी झंडी

इंदौर, जो लगातार देश का सबसे स्वछ शहर बना हुआ है, उसे गुरुवार को एक और बड़ी सौगात मिली। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर से 50 अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक एसी बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये बसें ग्रीन मोबिलिटी को बढ़ावा देने के साथ-साथ लास्ट माइल कनेक्टिविटी में भी अहम भूमिका निभाएंगी।



### सफाई मित्रों के सम्मान में ष्टरूका स्नेह भोज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के सफाई मित्रों के साथ स्नेह भोज किया और उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने हर बार स्वछता के नए मापदंड तय किए, लेकिन इंदौर के सफाई कर्मियों ने हर बार इन चुनौतियों को पार करते हुए शहर को नंबर वन बनाए रखा। उन्होंने कहा,अब स्वछता का इंदौर से सात जन्मों का नाता हो गया है। यह शहर देश के बड़े शहरों को पीछे छोड़ता आया है और यहां जो भी होता है, वह सर्वश्रेष्ठ होता है।

### शीतला माता का जिक्र किया

मुख्यमंत्री ने भारत में स्वछता की परंपरा पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत ही एकमात्र ऐसा देश है, जहां स्वछता की देवी की पूजा की जाती है। उन्होंने शीतला सप्तमी का उदाहरण देते हुए कहा कि शीतला माता समृद्धि की देवी हैं और स्वछता भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है।

### 50 ईवी बसों की लागत 60 करोड़ से अधिक

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि 60 करोड़ रुपये की लागत से खरीदी गई ये 50 इलेक्ट्रिक एसी बसें शहर की यातायात व्यवस्था को एक नई दिशा देंगी। ये बसें पर्यावरण के अनुकूल हैं और नागरिकों को अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त परिवहन सेवा उपलब्ध कराएंगी।

### प्रदूषण मुक्त परिवहन की दिशा में बड़ा कदम

इन बसों की खासियत यह है कि यह प्रतिदिन 180 किलोमीटर की दूरी तय करेंगी। ये बसें एक बार चार्ज करने पर तथा अपॉर्च्युनिटी चार्जिंग के साथ यह दूरी तय कर सकेंगी। प्रत्येक बस की कीमत 1.2 करोड़ रुपये है। कुल लागत 60 करोड़ रुपये है और ये बसें नेट कास्ट मॉडल पर संचालित होंगी। सरकार द्वारा अमृत योजना के तहत 40 प्रतिशत VGF (Viability Gap Funding) दी जाएगी, जिससे ऑपरेशन कॉस्ट शून्य रहेगी और सरकार को वित्तीय रूप से लाभ होगा।

### एक राष्ट्र, एक चुनाव पर बोले मुख्यमंत्री

ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित एक राष्ट्र, एक चुनाव विषयक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि यह आज के समय की जरूरत है। उन्होंने कहा,1969 तक देश में यह व्यवस्था थी, लेकिन वोट बैंक की राजनीति करने वालों ने इसे तोड़ दिया। अलग-अलग रायों के चुनाव देश के विकास में बाधा बने हैं। ये कांग्रेस की राजनीति का नतीजा है, जिसने संविधान में अपने हितों के अनुसार संशोधन किए।

# जाट में जलझूलनी एकादशी ( डोल ग्यारस )पर्व पर उमडा आस्था का जनसैलाब

## ग्राम के सभी मंदिरों से सजधज कर निकली राम रैवाडी हुआ महाप्रसादी का वितरण

**सत्यनारायण सुथार जाट** ग्राम यशनगर जाट में जलझूलनी एकादशी (डोल ग्यारस )का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सभी मंदिरों से राम रेवाड़ी (बेवाणो) को आकर्षक रुप से सजावट कर श्री कृष्ण कन्हैया लाल के बाल स्वरूप को बेवाड मे विराजमान करके चारभुजा नाथ बड़े मंदिर पर लाया गया द्य यहां पर ग्राम के सभी मंदिरों के बेवाड़ एकत्रित हुए जहाँ से सर्व हिंदू समाज के सैकड़ों श्रद्धालु महिला पुरुष भक्तों ने एकत्रित होकर बड़े मंदिर से ढोल,डीजे व बैंडबाजों की मधुर स्वर लहरियों में सुमधुर भजनों की धुन पर नाचते गाते अबीर गुलाल एवं फूलों की वर्षा करते हुए भगवान के जयकारे लगाते हुए राम धुन गाते हुए, भक्तों द्वारा अपने कांधे पर सभी राम रेवाड़ीयो को उठाकर ग्राम के सभी प्रमुख



मार्गो से होते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें ग्राम के युवा भक्तजन महिला और पुरुषों सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालु भक्तों ने भी बड़ी संख्या में बढ़ चढ़कर भाग लिया व महिलाओं द्वारा श्री कृष्ण के मंगल गीत गाए। डीजे की धुन पर नाचते-नाचते शोभायात्रा सरोवर पर पहुंची जहां पर सभी विमानों मे विराजित भगवान के बाल स्वरूप ठाकुर जी को सामूहिक रूप से जल विहार करा कर पूजा आरती करके महा प्रसादी वितरण की गई।एवं पुन:शोभा यात्रा मैं शामिल सभी राम रेवाड़ीया सरोवर से वापस आते समय छतरी वाले पशुपतिनाथ मंदिर पर रुके जहां सभी बेवाणो की पूजा आरती करके प्रसाद वितरण किया गया।साथ ही पशुपतिनाथ मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा सभी मंदिरों के पुजारियों को साफा बंधा कर व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। वहां से सभी बेवाणों यथा स्थान अपने-अपने मंदिरों पर ले जाकर आरती कर प्रसादी वितरण की गई द्य पूरे आयोजन के दौरान एहतियात के तौर पर पुलिस प्रशासन की व्यवस्था भी पूरी तरह से चाक-चौबंद रही।

# बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सनातनी दलित नेता परमार को मिल रही जान से मारने की धमकी सर्व समाज ने दिया ज्ञापन



**बदनावर मोहित राठौड़ अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सनातनी दलित नेता मनोज परमार हिंदूवादी विचारधारा से जुड़े समाजसेवी हैं। वे दलित अत्याचार और लव जिहाद जैसे सामाजिक मुद्दों को लेकर अक्सर बोलते हैं। समाज जनों ने बताया कि 11 अगस्त को शाजापुर जिले के ग्राम पनवाड़ी में समरसता बौद्धिक समारोह में दिए गए उनके भाषण के अंशों को कुछ संगठनों ने तोड़-मरोड़कर सोशल मीडिया पर डाला। इसके बाद कट्टरपंथियों ने उन्हें सिर तन से जुदा की धमकियां दीं। समाज जनों ने आरोप लगाया कि जिहादी मानसिकता वाले संगठन और असामाजिक तत्व फोन और सोशल मीडिया पर लगातार धमकियां दे रहे हैं। समाज के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से मनोज परमार को तत्काल पुलिस सुरक्षा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इससे एक समाजसेवी नेता का जीवन सुरक्षित रहेगा और वे हिंदू समाज हित में अपनी आवाज उठा सकेंगे। ज्ञापन देते समय राकेश नागदिया महेश राणावत सुनील परमार महेश मेहरा निलेश मालवीय बालाराम चोहान भेरूलाल रोहित चौहान मुकेश राणावत जितेंद्र मालवीय पंकज सोलंकी ओम प्रकाश परमार गोवर्धन परमार कृष्णा राठौर योगेश परमार जितेंद्र मंगलिया चंचल नाहर बबलू चौहान पवन चौहान सुनील चौहान अभिषेक चौहान राकेश सिंगार श्याम मंडलोई आशीष ओशारी ओम प्रकाश सोनगरा निलेश वसुनिया व डॉक्टर शिवम चोहान सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे ज्ञापन का वाचन एडवोकेट कृष्ण पंवार द्वारा किया गया जानकारी मीडिया प्रभारी निलेश मालवीय द्वारा दी गई**

# बखतगढ़ तेजाजी थानक पर श्रद्धालुओं की सुबह से रही भीड़, मन्नतधारियों ने चढ़ाए निशान, जुलूस भी निकाला

**बदनावर मोहित राठौड़** युवा कुंदन जाट की ओर से स्वागत मंच लगाकर अखाड़ों के पहलवानों का जोरदार स्वागत किया गया ग्राम बखतगढ़ में मंगलवार को लोकदेवता वीर तेजाजी के मंदिर पर तेजा दशमी पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सुबह से ही मंदिर पर पूजा-पाठ और नारियल चढ़ाने वालों की कतारें लग गईं। घर-घर में सुख-शांति की कामनाओं के साथ तेजाजी के जयकारे गूंजते रहे। तेजा दशमी के खास मौके पर मन्नतधारियों ने पारंपरिक वेशभूषा में अखाड़ों और निशानों के साथ जुलूस निकाला। ढोल-नगाड़ों की थाप निशानों की लहराती कतारें



भजन-कीर्तन हुए इस अवसर पर जगह जगह स्वागत मंच लगाए गए युवा कुंदन जाट की ओर से स्वागत मंच लगाकर बखतगढ़ चौपाटी पर अखाड़ों के पहलवानो का भव्य स्वागत साफा बांध पुष्प माला पहनाकर वीर तेजाजी का स्मृति चिन्ह देकर किया गया महावीर व्यायाम शाला की ओर से एक से बढ़कर एक तलवार बाजी मलखंम क्रेन आदि शानदार कला प्रदर्शन किए गए आस पास के गांव के निशान एवं अखाड़े भी पहुंचे

# डोलग्यारस के उपलक्ष मे क्षेत्रीय विधायक द्वारा फलहारी खिचडी बाटी गई

रामेश्वर सोनी -डही डोलग्यारस पर प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी कुक्षी विधायक एंव पूर्व केबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह हनी बघेल के द्वारा फलहारी खिचड़ी प्रसाद वितरण किया डही नगर मे शाम को भगवान श्रीकृष्ण का डोल झुलनी एकादशी पर्व पर डोला श्रीराम मंदिर से निकालकर डही नगर के प्रमुख मार्गो होते हुए बडे कुंए पर भगवान का जलाभिषेक कर डोला पुन: राम मंदिर पहुंच कर वंदे मातरम गणेशोत्सव पांडाल पर पहुंचा यहा पर भगवान गणेश जी एंव भारत माता की महाआरती विधायक के पार्टी कार्यकर्ता नगर कांग्रेस अध्यक्ष नारायण माहेश्वरी,



युवा कॉंग्रेस अध्यक्ष छतरसिंह ठेकेदार, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता विनोद भावसार कि उपस्थित मै कि गई। तदनुसार पश्चात भक्तजनो को महाप्रसादी वंदे मातरम ग्रुप के कार्यकर्ताओ द्वारा विपरीत कि गई।

# डही विहिप बजरंग दल द्वारा गणेश पांडालो मे की जा रही भारत माता की आरती



रामेश्वर सोनी डही विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओ द्वारा श्री गणेशोत्सव अंतर्गत नगर डही सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्र मे विराजित गणेश पांडालो मै विभिन्न गणेशोत्सव समितियो द्वारा प्रतिदिन अनेक स्थानो पर जाकर भारत माता और गणेशजी कि आरती की जा रही है । संगठन के स्थानीय पदाधिकारियो ने बताया। सामाजिक समरसता के संकल्प एवं राष्ट्र भक्ति के भाव को लेकर गणेशोत्सव पर कार्यकर्ताओं एवं समाजजनो के सहयोग से भारत माता की आरती प्रतिवर्ष कि जाती है ।ईस अवसर पर कार्यकर्ता एवं ग्रामीण अंचल के लोगो द्वारा बडे हर्षोल्लास के साथ गणेशजी एवं भारत माता कि आरती कि जाती है।

# क्षमायाचना करने टाण्डा से मोहनखेड़ा पैदल यात्री संघ पहुचा

## विगत वर्ष में हुई भूलो के लिए क्षमा याचना की

टाण्डा नि प्र पर्युषण पर्व के समापन के पश्चात प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी टाण्डा जैन श्रीसंघ एवं परिषद परिवार के 22 सदस्य टाण्डा से मोहनखेड़ा तीर्थ तक पैदल पहुचे प्रात: 6 बजे टांडा में तत्व चिंतन चातुर्मास हेतु विराजित पूज्य साध्वी जी भगवंत तत्वलता श्री जी महाराज सा के मुखार बिंद से मांगलिक सुन आशीर्वाद प्राप्त कर पैदल निकले सभी सदस्य भगवान अजीतनाथ तथा दादा गुरुदेव के जयकारे लगाते हुए 18 की मि दूर रिंगनोद जैन मंदिर पहुँचे यह मूलनायक श्री चंदाप्रभु भगवान के एवं दादा गुरुदेव के दर्शन वंदन किये तथा चातुर्मास हेतु विराजित पूज्य साध्वी जी तारण रत्ना श्री जी आदि ठाणा के दर्शन वंदन कर क्षमा याचना की जैन श्री संघ रिंगनोद ने यात्री संघ का बहुमान किया



तथा संघ पूजा की संघ यहा से मोहन खेड़ा के लिए निकला दोपहर 1 बजे मोहनखेड़ा पहुचा मोहनखेड़ा ट्रस्ट मंडल की ओर से प्रबंधक श्री मेहता जी आदि ने संघ यात्रियों का बहुमान किया सभी पैदल यात्रियों ने मोहनखेड़ा में दादा आदिनाथ एवं दादा गुरुदेव श्रीमद विजय राजेन्द्र सूरिजी के दर्शन वंदन पूजन कर आराधना की तथा विगत वर्ष में टाण्डा श्रीसंघ के द्वारा ज्ञात अज्ञात भूलो के लिए क्षमा याचना की मोहन खेड़ा में विराजित आचार्य देव श्रीमद विजय जयानंद सूरीजी महाराज सा आदि ठाणा के दर्शन वंदन कर क्षमा याचना की जयंत सेन म्यूजियम पर साध्वीजी अनेकांत लता श्री जी महाराज सा आदि ठाणा के दर्शन वंदन कर क्षमा याचना की संघ शाम को महावीर जी मंदिर एवं राजेन्द्र भवन पहुचा यहा महावीर स्वामी भगवान तथा गुरुदेव राजेन्द्र सूरिजी की अंतिम साधना स्थली के दर्शन वंदन किये यहा चातुर्मास हेतु बिराजित पुष्पेंद्र विजय जी महाराज सा के दर्शन किये तथा विगत वर्ष में हुई भूलो के लिए क्षमा याचना की । संघ यहा से भोपावर तीर्थ पहुँचकर शांतिनाथ दादा के दर्शन आरती की । पैदल यात्री संघ में चार वर्षीतप आराधक हर्ष नखेत्रा , क्रतिक हरण गौतम श्रीश्रीमाल प्रणय हरण उपवास कर के चल रहे थे, पैदल यात्री गौतम श्रीश्रीमाल उपवास कर संघ में गुरुदेव राजेन्द सूरिजी एवं पुण्य सम्राट का चित्र हाथ मे उठाकर चल रहे थे संघ में वरिष्ठ तथा कोषाध्यक्ष पारस हरण मोजूद थे, अजित हरण , नीलेश चौहान, सौरभ हरण शैलू डूंगरवाल श्रीमती ज्योति हरण ने अपनी अनुकरणीय सेवा दी ।

# 12 घंटे आकांक्षा हाट में गूँजी संगीत एक्सप्रेसगुलाब चक्कर में 141 गीतों और लोकनृत्य ने रचा नया इतिहास

उपेंद्र पाटोदिया ब्यूरो 9926809786 रतलाम 7 जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के प्रयासों से आकांक्षा हाट के अंतर्गत गुलाब चक्कर में इतिहास रचने का साक्षी बना। सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक लगातार 12 घंटे नॉन स्टॉप संगीत एक्सप्रेस ने पूरे नगर को संगीतमय बना दिया। इस अनुपम आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि एक ही मंच पर एक साथ 141 संगीतकारों और कलाकारों ने उपस्थिति दर्ज कराई और अपनी सुरमयी प्रस्तुतियों से अद्भुत समरसता का माहौल बनाया। 3 वर्ष से लेकर 90 वर्ष तक के प्रतिभावानों ने स्वर-साधना का ऐसा संगम रचा, जिसने रतलाम की सांस्कृतिक धरोहर को और भी उज्ज्वल बना दिया।नगर के प्रमुख संगीत संस्थान, गायक-गायिकाएँ और कलाकार सामूहिक रूप से एक मंच पर जुटे और संगीत महायज्ञ में अपनी आहूति दी। आयोजन



का संचालन योग प्रकृति संगीत सेवक विशाल कुमार वर्मा ने किया, जिससे यह कार्यक्रम और भी भव्य और अविस्मरणीय बन गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विश्व रिकॉर्ड धारक नन्ही बालिका झानवी सोनी द्वारा हनुमान चालीसा पाठ से हुआ। वातावरण ऐसा था मानो सुरों की गंगा बह रही हो और आसमान से अमृत बरस रहा हो।इस दौरान जिला योजना अधिकारी बालकृष्ण पाटीदार, डूडा परियोजना अधिकारी अरुण पाठक, जिला कार्यक्रम अधिकारी रामनिवास बुधौलिया और म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजन में विश्व रिकॉर्ड होल्डर बालक जिष्णु दवे सहित समाज सेवकों विशिष्ट जनों का अमृता गिलोय बेल की हरित माला से सम्मान किया गया। वहीं बाजना परियोजना महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से मांदल की थाप पर प्रस्तुत आदिवासी लोक नृत्य और सितार वादन ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया और अपनी संस्कृति से गहराई से जोड़ दिया। रतलाम की इस संगीतमयी यात्रा ने न केवल सुरों का इतिहास रचा, बल्कि एक ही मंच पर 141 कलाकारों की अनूठी उपस्थिति ने सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का अद्वितीय संदेश भी दिया।

खाटू श्याम बाबा की भजन संध्या आज

# कालिंदी कुंज सेवा समिति खरगोन करेगी भव्य आयोजन

**बाबा श्याम के जयकारों से गूंजेगा पूरा परिसर, भक्तिमय वातावरण में होगा आयोजन**



खरगोन । गणेश उत्सव के पावन अवसर पर कालिंदी कुंज सेवा समिति खरगोन द्वारा इस वर्ष भी बाबा श्याम का दरबार सजाया जाएगा। समिति के तत्वावधान में आज दिनांक 05 सितम्बर 2025, शुक्रवार को रात्रि 8:30 बजे कालिंदी कुंज कॉलोनी स्थित शिव मंदिर परिसर टीनशेड, खरगोन में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है।आयोजन स्थल पर खाटू श्याम बाबा का अलौकिक दरबार सजाकर भक्तिमय वातावरण तैयार किया जाएगा। इस दौरान प्रसिद्ध गायक कलाकार अपने भजनों की मधुर प्रस्तुतियां देंगे और भक्तों को श्याम प्रेम में सराबोर करेंगे। समिति अध्यक्ष श्री प्रकाश वारिया एवं सभी समिति सदस्यों ने नगरवासियों और श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बाबा श्याम के भजनों का रसपान करने तथा उनका दिव्य आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

# जीरापुर में मनाई डोल ग्यारस... विमान में भ्रमण पर निकाले भगवान , दर्शन करने उमड़े श्रद्धालु

**शिवम गुप्ता** जीरापुर- नगर में बुधवार को शाम 4 बजे जल झूलनी एकादशी पर्व पर धूमधाम से बेवाण निकले। नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी डोल ग्यारस पर भगवान भ्रमण पर निकले। बुधवार को श्री कृष्ण को स्नान करवाने के लिए छपिडेम पर ले जाने की परंपरा प्रचलित है। नगर के मंदिरों में विमान चौपड़ा बाजार शहडोल विमान यात्रा के रूप में बैंड बाजे डीजे, मां शारदा कीर्तन मंडली, श्री बजरंग दांगी कीर्तन मंडली, आदि मंडलियों द्वारा भगवान श्री कृष्ण के सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई। श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेवाय हे। आदि सुंदर भजन गाए





गए डोल विमान यात्रा दोपहर 4:00 से प्रारंभ हुई जो बुधवारिया बाजार, अटल चौक, इंद्रर चौराहा, आवास कॉलोनी, हटीला हनुमान मंदिर से होती हुई छपिडेम पर पहुंची। जहां पर भगवान हरि हर मिलन का सुंदर मिलन हुआ जहां पर हरि ने भगवान शंकर से अपनी प्रजा का हाल जाना एवं हिंदू उत्सव समिति द्वारा 30 मंदिर पुजारी का अंग वस्त्र श्रीफल देकर सम्मान किया क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष हेमंत जोशी पूर्व मंडल अध्यक्ष विष्णु सिंह पवार, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा, थाना प्रभारी रवि ठाकुर, भाजपा जिला मंत्री ईश्वर सिंह तोमर, बनकट माहेश्वरी, गिरिराज जुलानिया, सुनील हिंडोनिया, शंभू लाल वर्मा, सीएमओ हरिओम शर्मा,नपा इंजीनियर ब्रजेश उपाध्याय, हिंदू उत्सव समिति सदस्य द्वारा किया गया एवं विमान की पूजा अर्चना की गई सामूहिक रूप से एकत्रित होकर विमान में विराजित भगवान श्री कृष्ण को मंदिर पुजारी द्वारा स्नान करवाया गया तत्पश्चात नए वस्त्र धारण करवाए गए। महा आरती प्रसाद वितरण किया गया। साथ में चल समारोह में जीरापुर पुलिसकर्मी भी चल ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे ।

### शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में एडवांस्ड किड्स एकेडमी में बच्चों द्वारा गुरुओं का सम्मान

**शिवम गुप्ता** जीरापुर- एडवांस्ड किड्स एकेडमी में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूल प्रबंधक गिरिराज गुप्ता, प्रधानाचार्य ई के जोशी एवं अन् शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा मां सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा अपने शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। इस मौके पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुति, गीत गायन सहित मनोरंजक खेल प्रस्तुत किए गए । छोटे बच्चों द्वारा भी भाव विभोर कर देने वाली प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि शिक्षक उनके जीवन में मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत हैं। विद्यालय प्रबंधक श्री गिरिराज गुप्ता ने भी सभी शिक्षकों को शुभकामनाएँ दीं और कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान अमूल्य है। विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच वॉलीबॉल का मुकाबला भी संपन्न हुआ । कार्यक्रम के अंत में शैक्षणिक समन्वयक भानु कुमार जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# अनुविभाग अधिकारी रितिका पाटीदार समाज सेवी सुरेशचंद्र जैन (पप्पू भैया) ने कि राजा की महाआरती

बुधवार को लगाया बाबा को 56 भोग

सौरभ खेमसरा मेघनगर बस स्टैंड पर विराजित मेघनगर के राजा के चौदहवें वर्ष में भक्तो में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है प्रतिदिन राजा के आरती के लिए कई समाज सेवी प्रशासनिक अधिकारी राजा की आरती करने पधार रहे है उसी क्रम में बुधवार को मेघनगर अनुविभाग अधिकारी रितिका पाटीदार और समाज सेवी सुरेशचंद्र जैन, आनंदी पडियार, हरिराम गिरधानी, दिनेश वैरागी,ने मेघनगर की राजा ( गोकुल ग्रुप ) में महा आरती का लाभ लिया बुधवार को विशेष 56 भोग लगाए गया आरती में रोज सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु ओर बच्चे पधार रहे है समिति की ओर से एस डी एम रितिका पाटीदार और समाज सेवी सुरेशचंद्र जैन( पप्पू भैया ) का स्वागत किया मेघनगर के राजा ( गोकुल ग्रुप )सदस्य हिमांशु पाठक,तुलसी ब्रजवासी,लोहित झामर,किशन व्यास,जीतू ब्रजवासी,दीपेश ब्रजवासी,सिद्धू वागरेचा,प्रकाश ब्रजवासी,राहुल ब्रजवासी, तरुण हरवाल,हिमांशु ब्रजवासी,रवि वर्मा,नीरज श्रीवास्तव,हनी झामर,ऋतिक शर्मा,तपेश पगारिया, प्रेम,दीपक, कृष्णा मोदी,मानक ,गौरव यादव,मोहित,भविष्य,मनन,सावन कोहली,तन्मय ब्रजवासी, निहाल बृजवासी उपस्थित रहे आकर्षण का केंद्र डोल ग्यारस के उपलक्ष्य में आज स्वयं कान्हा जी मेघनगर के राजा के पंडाल में पधारे जहां उन्हे देखने को सैकड़ों की संख्या में भीड़ उमड़ रही



# वित्त मंत्री द्वारा जीएसटी ढाँचे में व्यापक बदलाव एवं मार्बल- ग्रेनाइट ब्लॉक्स पर दर में कमी हेतु मेवाड़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, चित्तौड़गढ़ ने जताया आभार

**ओम जैन शंभूपुरा।** शंभूपुरा। भारत सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं जीएसटी काउंसिल द्वारा हाल ही में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों का मेवाड़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, चित्तौड़गढ़ हार्दिक स्वागत करता है। जहाँ एक ओर मार्बल एवं ग्रेनाइट ब्लॉक्स पर जीएसटी दर 12% से घटाकर 5% करना उद्योग जगत के लिए महत्वपूर्ण राहत है, वहीं दूसरी ओर सरकार द्वारा संपूर्ण जीएसटी ढाँचे को सरल बनाने एवं आवश्यक वस्तुओं पर कर दर घटाने जैसे कदम भी अत्यंत सराहनीय हैं। इससे व्यापार जगत, उपभोक्ताओं एवं आमजन सभी को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा तथा यह निर्णय भारत की अर्थव्यवस्था को और सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगा। अध्यक्ष सीए (डॉ.) अर्जुन मूंदड़ा एवं सचिव राकेश मंत्री ने बताया कि इस निर्णय से उद्योग में नई ऊर्जा का संचार होगा, आवश्यक वस्तुओं पर कर दर घटने से महँगाई नियंत्रण एवं जनकल्याण को बल मिलेगा, किंतु मार्बल एवं ग्रेनाइट उद्योग में वास्तविक लाभ तभी पहुँचेगा जब स्लैब एवं फिनिश्ड प्रोडक्ट्स पर भी जीएसटी दर को घटाया जाएगा। अतः मेवाड़ चैम्बर द्वारा सरकार से पुनः निवेदन किया गया कि स्लैब एवं फिनिश्ड गुड्स पर भी कर दर में समान रूप से कमी की जाए, जिससे संपूर्ण उद्योग एवं ग्राहकों तक राहत पहुँच सके। साथ ही मेवाड़ चैम्बर ने इस निर्णय में सहयोग एवं समर्थन प्रदान करने के लिए राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, जीएसटी काउंसिल सदस्य राजस्थान एवं विधायक गजेंद्र सिंह खिमसर, सांसद चित्तौड़गढ़ डॉ. सीपी जोशी, विधायक चित्तौड़गढ़ चंद्रभान सिंह आक्या एवं जिला कलेक्टर चित्तौड़गढ़ आलोक रंजन का भी आभार प्रकट किया है। इसके अतिरिक्त, स्लैब एवं फिनिश्ड प्रोडक्ट्स पर जीएसटी दर में कमी की माँग को लेकर मेवाड़ चैम्बर द्वारा पुनः ज्ञापन सौंपा गया है।

## मंदसौर जिले में कुतो (श्वानों) के साथ हो रहे क्रूरतापूर्ण व्यवहार को बंद किया जाए पशु प्रेमी ओम बड़ोदिया ने कलेक्टर श्रीमती गर्ग से की मांग



मन्दसौर। गौ आरोग्य सेवा समिति मंदसौर के अध्यक्ष ओम बड़ोलिया ने कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग से मिलकर मंदसौर जिले में कुत्तों (श्वानों) के साथ हो रहे क्रूरतापूर्ण व्यवहार को बंद करवाने की मांग की। इस दौरान श्री बड़ोदिया ने कलेक्टर श्रीमती गर्ग को गौ आरोग्य सेवा समिति द्वारा मुक पशु पक्षियों के हितार्थ किये जा रहे कार्यों की जानकारी फाइल के माध्यम से दिखाई गई। ओम बड़ोदिया ने श्वानो के साथ हो रहे क्रूर व्यवहार के प्रति कलेक्टर श्रीमती गर्ग का ध्यान आकृष्ट करते हुए बताया कि हमारी समिति विगत 13 वर्षो से मूक प्राणियों की सेवा करता आ रही है। कई दिनों से देखने में आ रहा है कि मंदसौर जिले के अंदर नगरपालिका, नगर परिषदों द्वारा कुत्तों को पकड़ने के लिये कैंची का उपयोग किया जा रहा है जो कि अमानवीय रूप से इन बेजुबान जानवरों को क्षति पहुंचाने का कार्य और उनके उपर क्रूर व्यवहार है। जब परिषदों के कर्मचारी कुत्तों को पकड़ने जा रहे है तो इन कैंचीयों की सहायता से इन्हें पकड़कर, घसीटकर कचरा वाहन एवं पशु पकड़ने की गाड़ियों में बेरहमी से फेंक रहे है जिससे इन बेजुबान जानवरों को गंभीर चोटे लग रही है और कई कुत्तों को जब मारकर पकड़कर उन्हें घसीटकर ले जाया जाता है तभी वह मर भी रहे है जो कि शर्मनाक बात है जबकि कुत्तों को पकड़ने के लिये जाल आ गये है जिससे कि इन्हें पकड़ते समय को पशु हानि ना हो और ना ही इनको किसी प्रकार की चोंट लगे। सुप्रीम कोर्ट ने भी अपने निर्णय में यह कहा कि किसी भी पशु को कैंची से नहीं पकड़ा जायेगा।श्री बड़ोदिया ने कलेक्टर श्रीमती गर्ग से अनुरोध किया है कि मंदसौर जिले की नगरपालिका एवं सभी नगर परिषदों तत्काल कुत्तों को कैंची से पकड़वाना बंद करवाने के आदेश जारी करने की कृपा करें। साथ ही श्री बड़ोदिया ने भी जिम्मेदार अधिकारियों से निवेदन किया है कि वे भी कुतों के प्रति क्रूर व्यवहार न करते हुए उन्हें जाल से पकड़े। व हर नगर परिषद व नगरपालिका क्षेत्र में डाग शेल्टर बनाये जहां इन्हें रखा जा सके।
ओम बड़ोदिया
मो.नं. 7999778926

# पूर्व सरपंच के साथ सैकड़ो श्रद्धालुओं ने की करीला धाम तक पैदल यात्रा ..

### यात्रा में शामिल होने पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव...



संतोष शर्मा बैरसिया 8878686878--पिछले 9 वर्षों से लगातार पूर्व सरपंच राजू यादव सोहाया गांव से माता जानकी मंदिर करीला धाम की लगातार पैदल यात्रा करते चले आ रहे हैं जिसके चलते यह यात्रा का 10 वां वर्ष है हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राजू यादव के नेतृत्व में सैकड़ो श्रद्धालु करीला धाम की पैदल यात्रा करते हैं। यात्रा को शुभकामनाएं देने पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव ने सोहाया गांव पहुंचकर राजू सहित सैकड़ो श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी ,वही देवी भक्तों की आस्था के नजारे ग्रामीण अंचलों में अभी से दिखाई देने लगे हैं देवी धाम की यात्रा पर भी जत्थो के रूप में निकलना शुरू कर दिया है अंचल के ग्राम सोहाया का एक दल माता सीता के प्रसिद्ध मंदिर करीला धाम पर माता रानी को झंडा निशान चढाने के लिए पैदल निकला है ।करीला धाम में ये श्रदालु माता सीता को झंडा निशान चढाने के लिए निकले हैं।निशान यात्रा के जत्थे में शामिल लोगों का कहना है कि वे हर साल इसी तरह एक साथ भक्ति भाव से करीला धाम पहुंचकर देवी मां को चुनरी अर्पित करते हैं हर साल नवरात्रों के पहले पैदल यात्रा करते हैं निशान यात्रा में सैकड़ो से ज्यादा श्रद्धालु देवी को निशान झंडा लिए पैदल माता रानी के जयकारे लगाते हुए निकलते हैं हाथों में ढोलक, मंजीरे लेकर संगीतमय कीर्तन करते हुए देवी मां की आस्था को व्यक्त करते चलते हैं ग्रामीणों का कहना है कि करीब 100 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए देवी मां का आशीर्वाद लेने जा रहे हैं करीला धाम पहुंचकर राई नृत्य एवं विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाता है। यहां पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर माता के दर्शन करने के पश्चात विशाल भंडारे में सम्मिलित होकर प्रसादी ग्रहण करते हैं। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव ,पूर्व मंडी अध्यक्ष सतनारायण यादव ,अखंड प्रताप सिंह, पूर्व पार्षद अमित साहू, पूर्व पार्षद रघु यादव, पार्षद प्रतिनिधि आकाश यादव, सरपंच अनिल धाकड़ सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे यात्रा का स्वागत मुस्लिम समुदाय और यादव युवा मंच और अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा किया गया।

## वर्षीतप आराधक गच्छाधिपति नित्यसेन सूरीजी के वन्दनार्थ मुंबई गए

### सागरमल चौधरी परिवार बना लाभार्थी




नरेंद्र सिंह ठाकुर टांडा (धार )पुण्य सम्राट श्रीमद विजय जयंतसेन सूरीजी महाराज सा के पट्टधर सु विशाल गच्छाधिपति वर्तमान आचार्य धर्मदिवाकर श्रीमद विजय नित्यसेन सूरीजी महाराज सा आदि ठाणा का इस वर्ष चातुर्मास मुंबई के खेतवाड़ी में चल रहा हे जिनके दर्शनार्थ वन्दनार्थ टांडा के वर्षीतप आराधकों के सदस्य मुंबई के लिए निकले प्रातः 6 बजे मंदिर में एकत्रित होकर प्रभु दर्शन किए तथा यहां चातुर्मास हेतु विराजित पूज्य साध्वीजी तत्वलता श्री जी महाराज सा को वंदन कर मांगलिक श्रवण की तथा मुंबई के लिए संघ रवाना हुआ मुंबई संघ के आयोजक श्री सागरमल जी गेंदालाल चौधरी परिवार हे चौधरी परिवार के श्री संजय चौधरी अजय चौधरी ने बताया की मुंबई में विराजित वर्तमान आचार्य गच्छाधिपति नित्यसेन सूरीजी महाराज सा तथा वहा विराजित साधु साध्वीजी भगवंतो से सामूहिक क्षमा याचना करेंगे तथा पूज्य गुरुदेव से वर्षीतप उचरने की क्रिया संपन्न करवाएंगे 4 दिवसीय मुंबई यात्रा के लाभार्थी श्री सागरमल गेंदालाल चौधरी परिवार की टांडा जैन श्रीसंघ तथा परिषद परिवार ने अनुमोदना की ।

# भोपाल जिला शिक्षा समिति की बैठक हुई सम्पन्न..

### लापरवाही बरतने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को नहीं बक्शा जाना चाहिए- विनय मेहर



**संतोष शर्मा बैरसिया 8878686878--** गुरुवार को भोपाल जिला शिक्षा समिति बैठक के अध्यक्ष ,सदस्य , डीइओ, डीपीसी, बीआरसी, जन शिक्षक, सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य, हाई स्कूल, हाई सेकेंडरी , मिडिल स्कूल ,प्राथमिक स्कूल के प्रभारी एवं प्राचार्य उपस्थित हुए।इस दौरान जिला पंचायत सदस्य विनय मेहर द्वारा उठाए गए मुद्दों में जहां पर बरसों पुरानी जर्जर बिल्डिंग है वहां नई बिल्डिंग स्वीकृत हो, जिन ग्रामों तक सीएम राईज स्कूल जाने के लिए बस व्यवस्था नहीं है वहां तत्काल बस की व्यवस्था की जाए ,जो शिक्षक समय पर स्कूल नहीं पहुंचते हो और शिक्षा नीति का पालन नहीं करते हैं उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए साथ ही मेहर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए अथक प्रयास किये जा रहे हैं मध्य प्रदेश के बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा उपलब्ध हो सरकार ने कई हाईटेक स्कूल भी बनाए हैं भाजपा सरकार द्वारा जो पुराने स्कूल हो गए हैं उनके लिए उनकी मरम्मत के लिए करोड़ों रुपए हर वर्ष भेजती है लेकिन कुछ अधिकारियों की मिली भगत से उनके चहेतों को काम दे देते हैं और सरकार के पैसों का दुरुपयोग होता है मेरे द्वारा कहा गया है स्कूलों की मरम्मत के लिए जो लिस्ट जाती है बगैर पैसा स्वीकृत हुए ही विभाग के अधिकारी मिलकर के उनके चहेतो ठेकेदारों को मरम्मत का एग्रीमेंट करवा देते यह गलत है और हम चाहते है कि जनप्रतिनिधि होने के नाते हमारी देखरेख में यह काम होगा और सारे एग्रीमेंट निरस्त किए जाएंगे और टेंडर प्रक्रिया की जाए ।हर वर्ष करोड़ों के काम होने के बाद भी वही आलम होता है कि स्कूलों कि छतो में से पानी टपक रहा है बाथरूम नहीं है और जहां बाथरूम बने हैं उसमें कंडे और लकडियां भरी पड़ी हैं। ऐसे प्रभारी प्राचार्य पर भी कार्रवाई हो जहां बच्चों के लिए बनाए गए टॉयलेटों में लकडियां और कंडे भरे रखे हो।कानून और नियम सबके लिए बराबर है शिक्षा के क्षेत्र में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी चाहे हम हो या शिक्षा विभाग का कोई भी अधिकारी हो बख्शा नहीं जाएगा

## आज जन सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा चितोड़गढ़ विधायक आक्या का जन्मदिन।



ओम जैन शंभूपुरा। शंभूपुरा।चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभानसिंह आक्या का जन्मदिवस 5 सितम्बर को जन सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा।शिविर आयोजक मण्डल के भंवरसिंह खरड़ी बावड़ी, एडवोकेट ओमप्रकाश शर्मा, दिनेश शर्मा, रोहिताश्व जाट, पवन आचार्य व रतन डांगी के अनुसार शुक्रवार को महाराणा प्रताप सेतु मार्ग स्थित भरत बाग में निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में हृदय रोग, मस्तिष्क व स्पाइन रोग, पेट आंत व लिवर रोग, हड्डी रोग व जोड़ प्रत्यारोपण, गुर्दे एवं मूत्र रोग, जनरल फिजिशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग, शिशु एवं बाल रोग, नाक कान एवं गला रोग, त्वचा रोग, नेत्र रोग आदि रोगो का गीतांजली हॉस्पीटल उदयपुर के रोग विशेषज्ञो द्वारा निःशुल्क परामर्श दिया जाएगा।
शिविर संयोजक अनिल ईनाणी व सह संयोजक रवि विराणी के अनुसार इस निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर को लेकर व्यापक तैयारी की गई है। इस शिविर मे अधिक से अधिक लोगो को लाभान्वित करने के उद्देश्य से इस शिविर का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

# भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया



नरेंद्र सिंह ठाकुर टांडा( धार )नगर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर में विश्व पूज्य ग्रंथ श्रीमद् भागवत कथा ढोल धमाकों के साथ प्रारंभ हुई ! आपको बता दे नगर के अति प्राचीन श्री नरसिंह मंदिर पर स्वर्गीय गुलाब बाई ठाकुर परिवार के द्वारा एवं श्री राम मंदिर पर माहेश्वरी समाज टांडा के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा की स्थापना कि जाती है आज कथा के दौरान भगवान श्री कृष्ण के जन्म का प्रसंग आते ही श्रोता और भक्तजन मस्ती से झूम कर बोले । नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की/ हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की के नारों से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा सभी भक्तों ने भगवान कृष्ण जन्म की एक दूसरे को बधाई दी ! कथा वाचक के द्वारा जन्मोत्सव के प्रसंग आते ही भक्तों पर खूब बधाइयां लुटाई जन्म के पश्चात भगवान को 56 भोग लगाकर आरती उतारी गई आरती के पश्चात माखन मिश्री की प्रसादी वितरण की गई! प्राचीन नरसिंह मंदिर पर कथावाचक पंडित श्री अशोकानंद जी महाराज एवं श्री राम मंदिर पर पंडित आशीष जी दुबे के द्वारा भक्तों को कथा का रसपान कराया जा रहा है आगे कथा के दौरान श्री रुक्मणी विवाह कंस वध जैसे कई प्रसंग आएंगे जिन्हें बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा ! 7 सितंबर रविवार के दिन ग्रहण होने की वजह से कथा विश्राम की भव्य शोभायात्रा 8 सितंबर निकलेगी

# श्री चिंतामन गणेश को लगाए छप्पन भोग



खरगोन। इन दिनों शहर में गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। शहर की हर गली-मोहल्ले में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा बप्पा की झांकी सजाई है और प्रतिदिन सुबह-शाम बप्पा की आरती रहे है। वही शहर के गणेश मंदिरों में भी भगवान श्री गणेश का पूजन-अर्चन एवं महाआरती संपन्न हो रही है। इसी कड़ी में जमींदार मोहल्ले स्थित श्री चिंतामन गणेश मंदिर में गणेशोत्सव का पर्व धुमधाम से मनाया जा रहा है। गुरुवार रात्रि में भगवान श्री चिंतामन गणेश को छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। महाआरती के पश्चात छप्पन भोग की प्रसादी का वितरण किया। मंदिर पुजारी मंथन जोशी ने बताया कि छप्पन भोग में मोदक, मोतीचूर लड्डू, काजू कतली, रसमलाई, गुलाब जामुन, गुपचुप मिठाई, खमण, आगरा का पेठा, मावा बाटी, मक्खन बड़ा, इमरती सहित विभिन्न प्रकार के फल सहित अन्य व्यंजनों का भोग लगाया। मंदिर समिति सदस्यों ने बताया कि गणेशोत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह एवं रात्रि में 8.30 बजे भगवान श्री चिंतामन गणेश, मां हिंगलाज एवं भगवान शिव की आरती की जा रही है।

# प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम में भगवान बलराम का मनाया गया जन्मोत्सव ..

## भारतीय किसान संघ की मांग ..किसानों को मिले फसल बीमा, बिजली पर्याप्त..




संतोष शर्मा बैरसिया 8878686878-- भारतीय किसान संघ बैरसिया जिला भोपाल द्वारा 29 अगस्त से 12 सितंबर तक जिले के प्रत्येक गांव में भगवान बलराम जयंती जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। गुरुवार को प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम खजुरिया रामदास में ग्राम इकाई के अध्यक्ष रवि दांगी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। भारतीय किसान संघ के सक्रिय कार्यकर्ता एवं जिला मंत्री देवेंद्र सिंह दांगी ने बताया है कि बैरसिया तहसील के लगभग 50 से अधिक ग्रामों में एवं पंचायत मुख्यालयों पर भगवान बलराम की जयंती का आयोजन संपन्न हुआ। जिसमें भारतीय किसान संघ किसान संघ की विभिन्न समस्याओं को लेकर 9 तारीख को बैरसिया तहसील मुख्यालय पर बाइक रैली निकालकर ज्ञापन एसडीएम (राजस्व) एवं बिजली विभाग को ज्ञापन सौंपा जाएगा।भारतीय किसान संघ के तहसील मीडिया प्रभारी माधो सिंह दांगी ने बताया है कि भारतीय किसान संघ किसान कि समस्याओं को लेकर 9 तारीख को बैरसिया तहसील मुख्यालय पर एवं 15 तारीख को भोपाल में बाइक रैली निकालकर ज्ञापन सौंपगे जिसमें किसानों की प्रमुख मांगे फसल बीमा ,समर्थन मूल्य पर सोयाबीन धान की खरीदी, **किसानों को गेहूं के सीजन में 10 घंटे पर्याप्त बिजली की व्यवस्था हो,** किसानों के खेत में टूटे हुए बिजली के खंबे एवं बिजली के तार को शीघ्र अति शीघ्र सुधार कराया जाए इस दौरान भारतीय किसान संघ ग्राम इकाई के मंत्री दशरथ दांगी, सदस्य धनवीर दांगी, सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह दांगी ,पंचायत सचिव हाकम सिंह गुर्जर ,राधेश्याम दांगी, मन्नू लाल दांगी, हरपाल दांगी (राजू), विजय साहू, चंद्रमोहन साहू, बाबूलाल जाटव आदि समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# उत्कृष्टता की परिकाष्ठा की ओर बढ़ते कदमे

## शिक्षक दिवस पर विशेष




विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष करते हुए अनुकूलता प्राप्त करना ही मानव जीवन का सबसे बड़ा ध्येय होता है हर पल कुछ नया करना, एक अलग पहचान बनाने का जुनून रखना व्यक्ति को एक विशिष्ट पहचान दिलवाता है ऐसा ही जज्बा दिखलाया हैं संदीपनी विद्यालय भानपुरा में पदस्थ स्काउट एन सी सी अधिकारी भीमसेन वधवा ने, बाल्यावस्था में ही अपने पिता व दादा के आकस्मिक निधन के बाद नगर की प्रतिष्ठित होटल संस्थान में कार्य करते हुए ने केवल अपने अपने परिवार के पालन पोषण का दायित्व निभाया अपितु अपने अध्यापन का भी जारी रखा श्रम करते हुए हरकचंद चौरडिया महाविद्यालय के 1996 पहले एम ए अंग्रेजी के उत्तीर्ण छात्र बने 1998 में शिक्षा क्षेत्र में प्रविष्ट होने के उपरांत कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा अपने शैक्षणिक सफर में 2005 में स्काउट के राष्ट्रीय जंबूरी कैंप उत्तरांचल में मंदसौर जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ वही 2005.06 में बोर्ड परीक्षाओं में अंग्रेजी विषय में शत प्रतिशत परिणाम देने पर जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया 2008में उज्जैन में बी एड शिक्षण महाविद्यालय की औरं से राज्य स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में अपने साथियों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया 2013में छिंदवाड़ा जिले में आयोजित राज्य स्तरीय अंग्रेजी प्रशिक्षण में सहभागिता करते हुए श्रेष्ठ प्रतिभागी का सम्मान प्राप्त किया 2013.14.वर्ष 2015 में अंग्रेजी विषय में सो प्रतिशत परिणाम देने पर सम्मान प्राप्त किया 2014 में राज्य स्तरीय स्काउट एडवांस कोर्स में भाग लेकर विशेष प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया स्काउट और शिक्षा और सामाजिक स्तर के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए जिला कलेक्टर ओम प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा सम्मानित किया गया 2017, 18में जगत गुरु शंकराचार्य ब्रम्हलीन स्वामी दिव्यानंद महाराज व वर्तमान जगतगुरू शंकराचार्य महाराज ज्ञाना नंद जी द्वारा धार्मिक सामाजिक सेवाओं में सहभागिता हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया 2018 में तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ द्वारा शिक्षक दिवस पर विशिष्ट सेवाओं हेतु सम्मान पत्र दिया गया कोरोना काल में अपने शिक्षक साथियों के साथ मिलकर जनहित में कार्य करने, मरीजों व पीड़ित परिवारों की सेवा करने पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी, जिला स्काउट संघ द्वारा सम्मानित किया गया 2023 में यूथ प्रेस क्लब व 2024 जिला स्काउट संघ द्वारा श्रेष्ठ सेवाओं के लिए लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया 2023 में इंदौर आई आई एम में आयोजित प्रशिक्षण में सम्मिलित होकर प्रतिभा सर्जन , लीडरशिप , छात्र विकास, व्यक्तित्व के प्रभाव कार्यक्रम में सहभागिता कर बेहतर प्रदर्शन करते हुए सांदीपनी विद्यालय का नाम रोशन किया इस वर्ष कक्षा 10.12 वीं में अंग्रेजी विषय में 100प्रतिशत परीक्षा परिणाम व एन सी सी में उत्कृष्ट सेवाओं हेतु लेफ्टिनेंट कर्नल ज्योति प्रकाश द्वारा सम्मानित किया गया विगत दस वर्षों से नगर, समाज व शैक्षिक जगत के अनेक पदों पर अपनी योग्यता के बल पर सक्रिय योगदान प्रदान कर रहे हैं संयुक्त मोर्चा संघ ब्लॉक अध्यक्ष, पूर्व सचिव सनातन धर्म मंडल, भारत विकास परिषद, पंजाबी समाज संगठन, प्रतिभा जागृति मंच व वर्तमान में पंजाबी समाज संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में अपनी सामाजिक , धार्मिक शैक्षणिक महत्ता को लगातार बढ़ाने के प्रयास में संलग्न हे विश्वास, संघर्ष और सफलता इसी जो जीवन का सूत्र आधार बना कर सफर जारी है स्वर्गीय विजय कुमार भंडारी, स्वर्गीय बी एल अग्रवाल, स्वर्गीय मनोहर लाल कथूरिया, स्वर्गीय प्रोफेसर निर्मल दास वधवा के मार्गदर्शन, जीवन दर्शन को आत्मसात करते हुए विकासखंड स्काउट, एन सी सी अधिकारी भीमसेन वधवा ने अनुशासन के साथ साथ छात्र छात्राओं के शैक्षणिक योग्यता हेतु स्वयं को पूर्णरूपेण समर्पित कर रखा है।

# कृष्णधाम सांवलियाजी में जलझूलनी एकादशी पर भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम





**ओम जैन शंभूपुरा।** शंभूपुरा। सुविख्यात कृष्णधाम श्री सांवलियाजी में जलझूलनी एकादशी के पावन अवसर पर बुधवार रात्रि को भक्ति, श्रद्धा एवं सांस्कृतिक उल्लास से ओतप्रोत भव्य कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। रेफरल चिकित्सालय परिसर, मीरा रंगमंच एवं गोवर्धन रंगमंच-तीनों मंचों पर भजन संध्या एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस एवं मनोरंजन की अनोखी अनुभूति कराई। मीरा रंगमंच पर सुप्रसिद्ध भजन गायिका ऋचा शर्मा, गायक गोकुल शर्मा एवं तृषा सुथार ने अपनी मधुर भजनों की प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया। दर्शक देर रात तक मंत्रमुग्ध होकर झूमते रहे। गोवर्धन रंगमंच पर उदय दहिया लाफ्टर फ्रेम की हास्य-व्यंग्य से भरी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को ठहाकों से गूंजायमान कर दिया। वहीं, लीला कालबेलिया मय दल एवं वैष्णवी शर्मा दल की लोकनृत्य प्रस्तुतियों ने राजस्थानी संस्कृति की झलक पेश कर सबका मन मोह लिया। रेफरल चिकित्सालय परिसर एवं अन्य मंचों पर भी विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिनमें कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में सांसद सी.पी. जोशी, सांवलियाजी मंदिर मंडल अध्यक्ष जानकीदास वैष्णव, मंदिर मंडल की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रभा गौतम, मेला मजिस्ट्रेट रविंद्र मेघवाल, उपखंड अधिकारी कपासन एवं भदेसर, जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, रतनलाल गाडरी, सहित मंदिर मंडल के सदस्य एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# खुशहाल वृद्धाश्रम ने एक बार फिर एक परिवार में खुशियां लौटाई

## पटना के भटके बुज़ुर्ग को अपने परिवार से मिलाया

**ओम जैन शंभूपुरा।** शंभूपुरा। निराश्रित बुजुर्गों के लिए सहारा बने स्थानीय कालिका नगर, पुष्प विहार स्थित खुशहाल वृद्धाश्रम में गत दिनों उदयपुर सिटी स्टेशन के प्लेटफार्म पर गंभीर हालत में मिले एक बुजुर्ग को आसरा देकर संचालिका ने कुछ दिनों के अपने अथक प्रयासों से निरंतर काउंसलिंग कर पटना स्थित उसके परिवार से मिला कर निवास पहुँचाया और खुशियाँ बांटी। वृद्धाश्रम संचालिका नंदिनी त्रिपाठी उदयपुर में अपनी एमएसडब्ल्यू की परीक्षा देकर लौट रही थी। इसी दौरान उदयपुर सिटी स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर एक निराश्रित वृद्ध पर उनकी नजर पड़ी। नंदिनी ने जब उनके पास जाकर देखा तो वे बहुत गंभीर स्थिति में गिरे पड़े थे। मानवीय



संवेदनाओं को सर्वोपरी रखते हुए उसी वक्त टीटी से बात करके नंदिनी उस 80 वर्षीय बुजुर्ग को अपने साथ ले आई और बुजुर्ग हेल्पलाइन 14567 पर सूचना दर्ज करवाई। उसने अपना नाम बच्चू यादव बताया। चित्तौड़ पहुंचते ही आश्रम के जीवन मेनारिया व उनकी टीम वृद्ध को आरपीएफ थाने लेकर गई, वहां उनकी काउंसलिंग की गई। आरपीएफ पुलिस की मदद से वृद्ध को सांवरिया चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। पांच दिन पश्चात डिस्चार्ज के बाद वृद्ध को आश्रम में सहारा दिया। अपने स्तर पर काउंसलिंग में वृद्ध बच्चू यादव के पटना में सिंगोरी क्षेत्र का निवासी होना पाया गया। सफलता के अंतिम छोर तक पहुँचते हुए सिंगोरी थाना के बीट इंचार्ज से सम्पर्क कर वीडियो कॉल से परिवारजनों की बात कराई गई। इस दौरान वृद्ध और परिवारजनों के चेहरे पर खुशियाँ छलक उठी। बेटा बलम यादव व भतीजा वृद्ध को लेने आया तब बताया कि साथियों के साथ अयोध्या देवदर्शन के लिए गये पिताजी भटक गए। खुशहाल वृद्धाश्रम परिवार ने हर संभव प्रयास कर एक वृद्ध पिता को बेटे से मिलवाया। निराश्रित बुजुर्गों के लिए खुशहाल वृद्धाश्रम नि:शुल्क सहारा बना हुआ है।

# थाना माकड़ौन पुलिस द्वारा युवक से धारदार गुप्ती हथियार जप्त, आरोपी के विरुद्ध किया आर्म्स एक्ट के तहत् प्रकरण दर्ज

**अरशद जागीरदार** थाना माकड़ौन का पुलिस बल अपराध विवेचना एवं वारंट तामीली हेतु क्षेत्र भ्रमण पर था। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक जींस पेंट व शर्ट पहने हुए, माकड़ौन–तनोडिया रोड स्थित रावणखेड़ी फंटे पर यात्री प्रतीक्षालय के अंदर गुप्ती हथियार लेकर बैठा है।सूचना पर विश्वास कर पुलिस टीम द्वारा पंचान अर्जुनसिंह पिता मांगूसिंह पंवार एवं अनोखीलाल पिता रमेशचंद्र बडेरा को तलब कर मौके पर दबिश दी गई। यात्री प्रतीक्षालय में पहुंचने पर पुलिस को देखकर एक युवक भागने लगा जिसके हाथ में धारदार हथियार दिखाई दिया। मौके पर फोर्स की मदद से उक्त युवक को पकड़ा गया।पकड़े गए



युवक ने अपना नाम योगेश सूर्यवंशी पिता गंगाराम सूर्यवंशी उम्र 21 साल निवासी ग्राम रामपुर भुंडवास थाना कानड़ जिला आगर मालवा बताया। उसके कब्जे से धारदार लोहे की गुप्ती (लंबाई लगभग 14 इंच) बिना वैध लाइसेंस के पाई गई।पुलिस द्वारा मौके पर विधिवत जप्ती पंचनामा तैयार कर गुप्ती को सीलबंद किया गया एवं ई–साक्ष्य ऐप के माध्यम से वीडियोग्राफी भी की गई। आरोपी से धारा 35(3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 का सूचना पत्र तामील कराया गया। बाद में आरोपी को थाना प्रभारी के आदेशानुसार रुखसत किया गया।आरोपी योगेश सूर्यवंशी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 341/25, धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

सराहनीय भूमिका– इस कार्यवाही में थाना प्रभारी माकड़ौन उप निरीक्षक प्रदीप सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक 446 महेंद्र चौधरी, प्रधान आरक्षक लेखक 1284 सुदर्शन राठौर, प्रधान आरक्षक चालक लोकेंद्र सिंह, आरक्षक 246 राजेंद्र सिंह, आरक्षक 826 भारत सिंह, सैनिक 631 बहादुर एवं सैनिक जमील की सराहनीय भूमिका रही।

# मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद् छात्र प्रभाग जिला अध्यक्ष सचिन रंधावा ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



2 दिन पहले बलकवाड़ा छात्रवास में अध्ययनरत छात्र की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु होने पर मध्यप्रदेश आदिवासी विकास परिषद् छात्र प्रभाग जिला अध्यक्ष सचिन रंधावा ने मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिख कर दोषियों पर कठोर कार्यवाही एवं छात्र के परिवार को उचित आर्थिक मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही छात्रवासों में योग्य चिकित्सक की नियुक्ति ओर स्वास्थ्य शिविर लगाए जाए, छात्रवासों में बच्चों की सुरक्षा हेतु स्वास्थ्य सुविधा को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। यह मांग करते हुए रंधावा ने कहा कि मांगे पूरी ना होने पर आंदोलन के लिए बाध्य रहेंगे, संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशाशन की रहेगी

# संकुल उत्कृष्ट उ.मा.वि. एवं प्रा.वि. पिलीमिट्टी ने सेवानिवृत्ति पर श्री रावल को दी बिदाई

**रविन्द्र खाण्डेकर 8959076795 बड़वाह–** शा.प्रा.वि. पिलीमिट्टी अम्बेडकर नगर की शाला मे कार्यक्रम के तहत कर्मठ जनसेवी सहा.शि. पुष्पेन्द्र रावल का भावविह्वल बिदाई दी। मंच संचालन जनशिक्षक मा. भुवनेश पाराशर ने पूर्ण किया। मुख्य अतिथि मा. सुधीर राठौड़ पधारे व विशेष अतिथि श्रीमती प्रमिला कड़छे व पू.पंच पंकज गाड़गे थे। अतिथि द्वय ने भारत माता के छाया चित्र को माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। सर्वप्रथम प्राचार्य श्री राठोड़ व वरिष्ठ लीपिक मा. गोरेलाल नार्वे व वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती नम्रता सोलंकी. व श्रीमती हेमलता वर्मा व छात्रो ने श्री रावल का शाल श्री फल से आत्मीयवत माल्यार्पण व पुष्प वर्षा से सम्मान किया। बेहद भावविभोर पल थे। शाला की ओर से शाल श्रीफल से भावनात्मक सम्मान किया। श्री पाराशर ने कहा श्री रावल सर हमारे बड़े भाई की तरह व बहुमुखी प्रतिभा के धनी होकर



हमे निरंतर प्रेम व शैक्षणिक मार्गदर्शन करते रहे है। खुशी व गम के संगम के अवसर पर प्राचार्य श्री राठौड़ ने श्री रावल को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान करके कहा यह एक शासकीय प्रक्रिया है प्रत्येक शा.सेवक को इस नियम से गुजरना पड़ता है. श्री रावल मृदु भाषी. मिलनसार. हंसमुख सादगी व्यक्तित्व रहे है। श्रीमती नम्रता सोलंकी ने कहा सर के रिटायर होने से हम असहाय हो गये. हर क्षेत्र मे कार्यों को निपुणता से करते थे. जनकल्याण मे भी सबसे आगे रहते थे.हमे समय समय पर असीम सहयोग भी करते रहे। आप सदैव स्वस्थ. प्रसन्न व दिर्घायु रहे ईश्वर से हमारी यही कामना है। श्रीमती कड़छे ने भावुक होकर कहा हमे एक बड़े भाई की तरह मान सम्मान व स्नेह दिया व शालेय कार्य व जनता की सेवाभाव के कार्य भी सिखाये.।शा.सेवा निष्ठा पूर्वक व लगनशील होकर करने की प्रेरणा भी दी। श्रीमती हेमलता ने कहा हमारे पथप्रदर्शक हमेशा से रहे है हर कार्य हमे सहयोग व संबल प्रदान करते रहे है। समाज सेवी पंकज गाड़गे ने भी मोहल्ले की ओर से शाल श्रीफल से हार्दिक सम्मान किया। व्याख्याता रजनीश पांडेय ने कहा श्री रावल अद्वितीय व्यक्तित्व के सिरमौर है..व संघर्ष शील होकर परम सेवा भावी है। कार्यक्रम समापन पर श्री रावल ने सभी छात्रो को हाथ रुमाल. चाय ट्रे. टूथपेस्ट ब्रश. शैक्षणिक सामग्री. व चाकलेट प्रदान की। कार्यक्रम मे शैलेन्द्र सोहनी. पंकज चौधरी. शीला सोलंकी. कमलेश कुशवाह. आदि पधारे। आतिथ्य आभार– श्रीमती नम्रता सोलंकी प्र.पा. ने माना!

# आलोट के चिंताहरण गणेश मंदिर पर परोक्ष भरावा मित्र मंडल द्वारा हुआ 101 दीपक की भव्य आरती का आयोजन

आलोट क्षेत्र की चिंता हरने वाले चिंताहरण गणेश मंदिर कारगिल चौराहे पर बुधवार को परोक्ष भरावा मित्र मंडल द्वारा 101 दीपक की भव्य आरती का आयोजन कर फरियाली खिचड़ी का वितरण किया गया प्रात: भगवान गणेश जी का अभिषेक पूजन किया गया वही रात्रि में उनका आकर्षक शृंगार कर आरती की गई परोक्ष भरावा मित्र मंडल द्वारा इस मंदिर पर प्रतिवर्ष बुधवार को भगवान गणेश को 56 भोग लगाकर आरती की जाती हे लेकिन इस बुधवार को एकादशी होने के कारण फरियाली खिचड़ी का वितरण किया गया तथा आकर्षक आतिश बाजी की गई इस



अवसर पर पूर्व विधायक जितेन्द्र गेहलोद मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह डोडिया,भाजपा नेता नंदन राज जैन ,महेंद्र सिंह सोलंकी,पार्षद प्रतिनिधि अनिल भरावा, राजेंद्र जोशी,सुशील तलेरा मोहक मेहता, कैलाश सांखला,रमेश पांचाल,राकेश मामा,राहुल रांका,संजय सिंदुरिया,उत्सव गुप्ता,गोल्डी कुमावत,राजेश भैंसोंटा, सौरभ गुप्ता,कपिल भैंसोंटा, मित्र मंडल के साथी योगेश भैंसोंटा,नीरज सोनगरा,विमल गुप्ता, अंकित सेठिया,विजय पोरवाल,अक्षत काला,विवेक फ़र्क्रिया,लविश पोरवल,शुभम चौहान,राहुल सोलंकी,लोकेंद्र भाटी आयुष पोरवल, लखन भेसोटा ,ऋषभ देसरला, कुशाल झंडी, राहुल पोरवल, काना परमार, कमल सुरेखा आदि उपस्थित थे मंदिर की आरती मुख्य पुजारी आशीष दुबे ने की

# जावद में श्री मनसापूर्ण बजरंग व्यायाम शाला अखाडा के 170 छोटे-छोटे पहलवानो ने एक ही मैंदान, एक स्थान पर करतब दिखाकर बनाया रिकार्ड, अखाडा अध्यक्ष सोमानी ने माना आभार

**नारायण सोमानी**

**जावद– नगर में जलझूलनी डोल ग्यारस 3 सितम्बर बुधवार को बस स्टैंड स्कूल मैंदान स्थित श्री मनसापूर्ण बजरंग व्यायाम शाला सहित पांच अखाडा अपने अखाडा स्थल से तय स्थान, तय समय पर डोल, ढमाको की थाप पर नगर के प्रमुख मार्गो से भगवान के बैवाणो के साथ निकले। जावद पुलिस प्रशासन द्वारा सम्मानित नीमच जिले का नंबर 1 अखाडा बस स्टैंड के पास स्कूल मैंदान स्थित श्री मनसापूर्ण बजरंग व्यायाम शाला अखाडा उस्ताद मोहनलाल प्रजापत, खलीफा कालू करवाडिया, अध्यक्ष नारायण सोमानी के नेतृत्व में प्रात: 10.30 बजे बालाजी महाराज की ढोल ढमाको की थाप पर 101 दीपक से महाआरती करके प्रसाद वितरित किया तत्प्रश्चात लाव लश्कर के साथ अखाडा प्रारम्भ हुआ। अखाडा अध्यक्ष नारायण सोमानी ने बताया है कि रिमझिम फव्वारों एवं बरसात जैसा मौसम के बीच बस स्टैंड पर एक साथ, एक मैंदान, एक समय में 5 वर्ष से लेकर 17 वर्ष तक के 170 बालक एवं मातृशक्ति के रूप में बालिकाए मुख्यरूप से चारो और कंडे की धुनी लगाकर आंखो पर पट्टी बांधकर मटकी, नारियल फोडना, केला, आलू, लौंग काटना, वही 25 फीट ऊंची क्रेन पर करतब, दो अलग अलग झूला पर करतब सहित विभिन्न प्रकार के हैरत अंगेज करतब दिखाकर अपने ही अखाडा का ही उज्जैन संभाग का रिकार्ड तौडकर**



**मध्यप्रदेश का रिकार्ड बनाकर नगर का नाम रोशन करके स्वर्णिम अक्षरो में नाम दर्ज किया। बरसात जैसा मौसम होने पर जो नगरवासी अखाडा का प्रदर्शन नही देख सकते इसके चलते 卐नीमच भजन गायक卐 युटुब चैनल के माध्यम से लाईव प्रसारण दिखाया। करतब मैंदान पर उस्ताद मोहनलाल प्रजापत, अध्यक्ष नारायण सोमानी ने 5 क्विंटल लोहें का गोल घुमने वाला नया चकरा बनाने वाले मिस्त्री प्रदीप पिंटू लौहार का नगरवासियों की उपस्थिति में साफा बांधकर सम्मान किया उसी दौरान पहलवान खुशब लौहार, गुणमय लौहार मौजूद थे।श्री मनसापूर्ण बजरंग व्यायाम शाला अखाडा के पहलवानो ने नगर के विभिन्न जगहो पर करतब दिखाकर पुन: रात्रि 10 बजे अखाडा परिसर पहुंचा जहा दूध वितरित के साथ अखाडा का समापन एतिहासिक तौर पर सम्पन्न हुआ। आभार अखाडा अध्यक्ष नारायण सोमानी ने माना।**

## विधायक आक्या के जन्मदिन से एक दिन पूर्व विभिन्न मंडलो ने सेवा कार्य कर जन्मदिन मनाया।



**ओम जैन शंभूपुरा।** शंभूपुरा।चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभानसिंह आक्या का जन्मदिवस 5 सितम्बर को जन सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जन्म दिवस के एक दिवस पूर्व गुरूवार को विभिन्न मण्डलो में अनेक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। इसके तहत गुरूवार को प्रात: चंदेरिया में श्री सांवलिया बहुउद्देशीय विकलांग सेवा संस्थान में बच्चों के साथ केक काटकर व उन्हे भोजन कराकर खुशीयां बाटी गई तथा संगम महादेव भोईखेड़ा में पौधारोपण कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पूर्व यूआईटी चेयरमेन सुरेश झंवर, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रोहिताश्व जाट, पूरणसिंह राणा, गोपाल गवारिया, मिठुलाल जायसवाल, राजकुमार तोलम्बिया, मृदुल जोशी, बालकिशन भोई, हंसराज सुवालका, मुकेश काबरा, लक्ष्मण जटिया, जयदेव नाथ, अरमान खान, अतुल भटनागर, सुधीर दशोरा आदि उपस्थित थे। इस क्रम में विजयपुर के कस्तूरबा गांधी छात्रावास में बालिकाओ को फल वितरण कर विधायक आक्या का जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर राव नरेन्द्रसिंह, किरणसिंह, दिनेश धाकड़, गोपाल मुंदड़ा, युवराजसिंह, नरेन्द्रसिंह, बनवारी माली, तेजसिंह नरूका, रामरतन कुम्हार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। भदेसर के गांगागुड़ा बालिका आवासीय विद्यालय व कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय छात्रावास नाहरगढ़ में बालिकाओ के साथ केक काटकर व उन्हे भोजन कराकर विधायक आक्या का जन्मदिवस मनाया गया। इस दौरान पूर्व मण्डल अध्यक्ष पवन आचार्य, पूर्व प्रधान प्रतिनिधी सुरेश जैन, पूर्व जिला महामंत्री तेजपाल रेगर, अशोक रायका, प्रकाश भट्ट, हीरालाल रायका, कुलदीपसिंह शक्तावत, कुशलसिंह शक्तावत, कन्हैयालाल तुसावड़ा, किशनलाल गाडरी, प्रभुलाल जाट, मिट्ठुसिंह, पप्पुसिंह, यशराज तिवारी, मुकेश तेली, लालसिंह, किशनसिंह, कालुलाल माली, रतनलाल सुथार, भंवर रेबारी, जगन्नाथ गुर्जर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। अपरांह झातला माताजी में कार्यकर्ताओ द्वारा पौधारोपण किया गया तत्पश्चात वृद्ध व असहाय व्यक्तियो को कम्बल का वितरण किया गया। इस दौरान पूर्व मण्डल अध्यक्ष दिनेश शर्मा, पूर्व मण्डल महामंत्री लाला गुर्जर, शिवराज सिंह बैजनाथिया, दूर्गा सिंह नारेला, शम्भूलाल अहिर, कालु सेन, शंकर दास वैष्णव, पंचायत समिति सदस्य ओमप्रकाश जटिया, सरपंच श्याम लाल गुर्जर, कालु सिंह व लक्ष्मण सिंह सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राठौड़ समाज आलीराजपुर की महिला मंडल की नवीन कार्यकारिणी का चयन सर्वानुमति से किया



संजय राठौर जिला ब्यूरो अलीराजपुर:--राठौड़ समाज आलीराजपुर की महिला मंडल की नवीन कार्यकारिणी का चयन सर्वानुमति से किया गया,जिसमें निम्न पदाधिकारी चुने गए। संरक्षक 1, श्रीमति विद्या भरत राठौड़ 2, श्रीमति कुसुम लालचंद राठौड़ अध्यक्ष:-- श्रीमति कीर्ति मनीष राठौड़ उपाध्यक्ष:-- श्रीमति संगीता सुरेश बोरवाला सचिव:-- श्रीमति ममता जगदीश राठौड़ कोषाध्यक्ष:-- श्रीमति अनिता चंद्रप्रकाश राठौड़ ककराना वाले मीडिया प्रभारी:-- ज्योति कांतिलाल राठौड़ सभी पदाधिकारियों को समाज की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

# जिला अभिभाषक संघ रतलाम के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ संपन्न

उपेंद्र पाटोदिया ब्यूरो 9926809786 रतलाम, दिनांक 04.09.2025 रतलाम जिला अभिभाषक संघ के शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम की शुरुआत में रतलाम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीना आशापुरे सहित जिला न्यायालय परिसर के समस्त सत्र एवं अन्य न्यायाधीश की उपस्थिति में शपथ ग्रहण समारोह की शुरुआत हुई साथ ही शपथ ग्रहण समारोह में रतलाम झाबुआ सांसद अनिता नागर सिंह चौहान के साथ ही मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चेतन कुमार कश्यप और रतलाम जिला अध्यक्ष भाजपा प्रदीप उपाध्याय मुख्य रूप से उपस्थित रहे तदोपरांत कार्यक्रम का संचालन पूर्व अभिभाषक संघ सचिव लोकेंद्र गेहलोत द्वारा प्रारंभ किया गया।



अध्यक्ष राकेश शर्मा द्वारा पद भार ग्रहण समारोह में उपस्थित समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए मंच से अभिभाषकों के हित में घोषणा करते हुए कहा कि अभिभाषक मृत्युपरांत संघ की और से मिलने वाली सहायता राशि जो कि पहले 21000 रुपए थी उसे बढ़ाकर 51000 रुपए आज के बाद से कर दी गई है। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित सांसद अनिता नागर सिंह चौहान और कैबिनेट मंत्री चेतन कश्यप द्वारा अधिवक्ता हित में जल्द से जल्द सहायता राशि स्वीकृत करवाने का आश्वासन दिया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश शर्मा, सचिव चेतन केलवा, उपाध्यक्ष सुनील जैन, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पंवार, सहसचिव वीरेंद्र कुलकर्णी, पुस्तकालय सचिव सुनीता वासनवाल, सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में अधिवक्ता पूर्व अभिभाषक संघ अध्यक्ष राजीव ऊबी, डॉ ईश्वर बोराना ( छोटे ठाकुर ), रईस कुरैशी, हेमा निरंजनी, मंजू सोनी, सुनीता छाजेड़, मकसूद खान, सुरेंद्र सिंह भदौरिया, प्रति सोलंकी, इमरान कुरैशी, ब्रजेश व्यास, शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, सुनील पारिख, प्रवीण भट्ट आदि अभिभाषक संघ रतलाम के समस्त अधिवक्ता साथीगण उपस्थित थे।

## गुरूवार मौन व्रत उपवास मे मां अन्नपूर्णा माहेश्वरी देवी जी स्थल सिद्ध पुरी परिसर पर लगाये वृक्ष



त्यागी पी एस भारती पन्ना:-- गुरुवार मौन व्रत उपवास मे मां अन्नपूर्णा माहेश्वरी देवी जी स्थल सिद्ध पुरी परिसर पर विध्न विनाशक गणेश पर्व पर धर्म पत्नी शक्ति रूपा त्यागी तथा बालक सेवानंद शिवकुमार त्यागी के साथ आम नीम सीताफल ऊमर सागौन वेस्टीलेरिया के आठ वृक्ष रोपित किए जो हमेशा अपनी हरी भरी पतियों और पीले रंग बिरंगे फूलों से सुन्दरता बिखेरते रहते हैं हम बड़े ही सौभाग्य शाली है जो वृक्षारोपण पुनीत कार्य सार्थक सृजन करने का संकल्प अवसर प्राकृति परमात्मा हमे देता है जिसे हम अंतरात्मा पवित्र मन ईमान धर्म नियत समय पर पूर्ण जुम्मेदारी कर्तव्य निष्ठा पूर्वक देख रेख सेवा भाव विश्वास श्रद्धा के साथ पुरुषार्थ की दृष्टि से करते हैं यदि इंसान का जीवन एक पल एक क्षण किसी के नेक काम पर आ जाए तो जीवन सफल सार्थक हो जाता है क्योंकि परहित सरिस धर्म नही भाई। पर पीड़ा सम मद अधमाई।। जीवन में दु:ख सुख का क्रम चलता रहता है यही प्रकृति का नियम है और प्रत्यक्ष प्रमाण स्वरूप उदाहरण है कि जो व्यक्ति कर्म रूपी बीज बोता है वहीं उसे काटने भोगने को परमात्मा प्रकृति देता है अच्छा करेंगे अच्छा मिलेगा बुरा करेंगे बुरा मिलेगा इसलिए अनजान न बने और जला सके तो दीप जलाएं। हृदय जलाना मत सीखें।। लगा सको तो वृक्ष लगाएं। आग लगाना मत सीखें।। यही जीवन का परम सत्य है और व्यक्ति भाग्य शाली जीवन को अपने आचार विचार और व्यवहार से देवात्म प्राप्त कर सकता है हम अपने कुल पूज्य गुरुदेव श्री बाबा जी और ईष्ट आराध्य देव शिव शक्ति मां को कोटि कोटि नमन प्रणाम करते हैं जो हमेशा हर पल हर क्षण सुरक्षा कवच बनके हमारी रक्षा कर कृपा बरसाती है और आप सबका आभारी हूं क्योंकि आपका भी कही मे कही किसी रूप में स्नेह प्रेम और सहयोग हमेशा मिलता है शेष शुभ जय हिन्द जय भारत वंदेमातरम राष्ट्र प्रेम धर्म सर्वोपरि त्यागी जी मां अन्नपूर्णा माहेश्वरी देवी जी स्थल सिद्ध पुरी बाईपास मुख्य डाक घर एलआइसी पन्ना गुरुवार मौन व्रत उपवास सूर्यास्त तक जय माता दी त्यागी फूल सिंह भारती

# पूर्व विधायक स्वर्गीय वेस्ता पटेल की पुण्यतिथि पर उमड़ा हुजूम

**हजारों लोगों ने किया याद,दी श्रद्धांजलि**

**पटेल परिवार ने स्मृति में बाटे आम के पौधे,करवाया सहभोज**

**आयोजन में हुआ रक्तदान कार्यक्रम भी,1500 से अधिक महिलाओं को की साड़ियों का वितरन**

**आदिवासी नेता महेश पटेल,विधायक सेना पटेल पूरे समय रहे आयोजन में उपस्थित**



अलीराजपुर । गुरुवार को आदिवासी नेता ,आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल के पूज्य पिता जी एवं जोबट विधायक सेना महेश पटेल के ससुर जी अलीराजपुर के पूर्व विधायक स्व. वेस्ता जी पटेल की पुण्यतिथि पर बोरखड़ पटेल परिवार द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई इस आयोजन में क्षेत्र के हजारों लोगों ने बारिश के बावजूद

अलीराजपुर( बोरखड़ )कार्यक्रम स्थल पहुँचकर स्वर्गीय दादा को श्रद्धांजलि देते हुए उनके द्वारा जनहित ओर आदिवासियों के लिए किए गये कार्यो को याद किया। इस कार्यक्रम में - पटेल परिवार द्वारा दादा की 23 वी पुण्य स्मृति मे

आम जनता एवं कार्यकर्ताओं को आम के सैकड़ो पौधों का वितरण किया गया।पटेल परिवार ने 1500 से अधिक साड़ियों का वितरण भी किया। दादा वेस्ता पटेल की स्मृति में कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया।

सभी उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी पटेल परिवार के द्वारा रखी गई थी।

इस आयोजन में अलीराजपुर जिलेभर से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व समाजजन श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर महेश पटेल के पूज्य पिता जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुँचे।

## भागवत सप्ताह में मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पुरुषों को लगाए हल्दी कुंमकुंम के छापे,बाटी मक्खन मिश्री की प्रसादी



बाग। नगर के मंदिरों में श्रीमद्भागवत सप्ताह के आयोजन चल रहे है इसी के तहत गुरुवार 4 सितंबर को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया इस अवसर पर महिलाओं ने नृत्य कर जन्मोत्सव मनाया तो पुरूषों को हल्दी कुंकु के छापे लगाए गये वही आरती कर मक्खन मिश्री का प्रसाद वितरण किया गया।कथा के दौरान व्यास पीठ पर विराजित कथा वाचकों ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म और मामा कंस को लेकर विस्तार पूर्वक कथा सुनाई।नगर के नरसिंह मन्दिर में माहेश्वरी समाज द्वारा भागवत कथा बिठाई गई तो नगर के विद्वान ज्योतिषाचार्य पंडित दिनेश उपाध्याय अपने निज निवास पर भागवत कथा कर रहे है वही नगर के रणछोड़राय मन्दिर,श्रीराम मंदिर में भी भागवत सप्ताह के तहत गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाए गये।इस अवसर ओर नरसिंह मन्दिर में समाज अध्यक्ष प्रदीप अगाल ने भगवान की पूजा अर्चना कर आरती की वही,उपाध्यक्ष संजय लड्ढा,कोषाध्यक्ष ब्रजमोहन जाजू,धार्मिक मंत्री श्याम सुंदर बाहेती सहित समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**6 सितंबर को होगा समापन,निकलेगी शोभायात्रा** पूर्णिमा को चन्द्र ग्रहण होने से अनंत चतुर्दशी के दिन ही भागवत सप्ताह का समापन दोपहर बाद होगा।इस अवसर पर सभी मंदिरों में व्यास पीठ पर विराजित पुराणियो ओर भागवत जी की शोभायात्रा निकाली जावेगी।

## ईद मिलाद उन नबी पर्व पर दाऊदी बोहरा समाज ने जुलूस निकाला



ख्वाजा हुसैन मेवाती सिंगोली:-- ईद मिलाद उन नबी पर्व पर दाऊदी बोहरा समाज जुलूस के जलसे का ईद मिलाद उन नबी जिंदाबाद हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारों के साथ बस स्टैंड रतनगढ़ पर कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा भव्य स्वागत किया जिसमें उपस्थित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धीरज कुमार व्यास अल्पसंख्यक विभाग के ब्लॉक अध्यक्ष राजू भाई पठान अल्प संख्यक विभाग के जिला महामंत्री गब्बर भाई कांग्रेस के वरिष्ठ लक्ष्मण सोलंकी कांग्रेस के वरिष्ठ सुभाष व्यास पूर्व कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष शंभू भाई चारण पूर्व पार्षद लखन भाटी पूर्व पार्षद प्रताप वर्मा पार्षद लक्ष्मी नारायण सोलंकी पूर्व अल्पसंख्यक विभाग संभाग के महामंत्री मलकीत सरदार वरिष्ठ कांग्रेसी राजेश भाई लढा बालचंद सोलंकी जाहिद भाई अंसारी नासिर भाई पठान अनीश भाई मंसूरी रब्बानी भाई सत्यनारायण बेणीराम वर्मा आदि समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# हम हमारा हक़ मांगते - नहीं किसी से भीख मांगते...

## सोयाबीन फसल में भारी नुकसान को लेकर जीरन तहसीलदार को दिया ज्ञापन

**( विनोद सांवला हरवार )** जीरन। जब खेतों की लहराती फसलें चौपट हो जाएं, तो किसान की आवाज़ प्रदेश तक गूंज उठती है। जीरन तहसील के उस आंदोलन की, जिसमें सैकड़ों किसानों ने भारी फसली नुकसान के मुआवजे और बीमा भुगतान की मांग को लेकर तहसीलदार के नाम ज्ञापन सौंपा। जीरन तहसील क्षेत्र केआसपास के सभी गांवों में सोयाबीन, उड़द, मूंगफली, मूंग और मक्का जैसी खरीफ फसलें पीला मोजेक वायरस, अतिवृष्टि, अफलन और इल्लियों के प्रकोप से नष्ट हो गईं। इससे नाराज किसान भारतीय किसान यूनियन (भारत) के बैनर तले गुरुवार सुबह 11 बजे जीरन तहसील परिसर पहुंचे। नारे




गूंजे किसान एकता जिंदाबादᐣ हम हमारा हक मांगते ङ्क नहीं किसी से भीख मांगतेᐣ खेतों में सपने बोए थे, आसमान ने छीन लिए खून-पसीने की कमाई, मूसलधार बारिश में डूब लिए। किसानों ने तहसीलदार के नाम गिरदावर आर.आई. चौपड़ा को ज्ञापन सौंपा और मांग रखी कि 2022, 2023 और 2024 की बीमा राशि का भुगतान किया जाए। 2025 की फसलों के नुकसान का बिना सर्वे किए सीधा मुआवजा किसानों के खातों में जमा हो। मेथी, लहसुन, प्याज, रायड़ा, सरसों और चना जैसी फसलों के गिराए गए भाव पुनः बढ़ाए जाएं। त्यौहार आने को हैं, पर घर सूने पड़े हैंᐣ किसान खून के आंसू रो रहा है, सरकार सुन ले ये सच्चाई खरे हैं। भारतीय किसान यूनियन (भारत) के प्रदेश अध्यक्ष मोहन सिंह जाट के नेतृत्व में यह आंदोलन हुआ। उनके साथ विनोद दक, राकेश मेरावत, घनश्याम जाट, गुलाबचंद जाट, मांगीलाल उगरान और अन्य किसान बड़ी संख्या में मौजूद रहे। मोहन सिंह जाट ने कहा कि पहले अल्पवृष्टि और अब अतिवृष्टि ने किसानों को तबाह कर दिया है। भाजपा शासन में सबसे ज्यादा दुखी और परेशान आज हमारा अन्नदाता किसान है।किसानों की यह आवाज़ आप तक पहुंचाना हमारा दायित्व है।

# एक वर्ष पुराने हत्या के प्रकरण में आरोपी को माननीय द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास एवं 2000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया





**जिला ब्यूरो चीफ रेखा लहासे**
बुरहानपुर,थाना खकनार जिला बुरहानपुर के वर्ष 2024 के हत्या के एक प्रकरण में आरोपी को निलेश कुमार जिरेती माननीय द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की कोर्ट द्वारा आरोपी मुकेश पिता सुखलाल मंडलोई निवासी प्रताप फाल्या ग्राम उसारणी थाना खकनार जिला बुरहानपुर को आजीवन कारावास एवं 2000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है खकनार थाना क्षेत्र अंतर्गत घटना दिनांक 26.10.24 को आरोपी ने अपने नाबालिक बालक मृतक आयान्स की कुल्हाडी मारकर हत्या की थी । फरियादी राजु की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना खकनार पर अपराध क्रमांक 640/2024 धारा 103(1) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया था । उक्त अपराध में हत्या के आरोपी मुकेश पिता सुखलाल मंडलोई को माननीय द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायालय द्वारा धारा 103(1) बीएनएस में आजीवन कारावास व 2000/- रुपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया ।पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर के मार्गदर्शन में प्रकरण की विवेचना निरी.अभिषेक जाधव द्वारा की गई थी । जिसमे उनि बीएल मंडलोई, उनि रामेश्वर बकोरिया,उनि शिवपाल सरयाम, आर. खुमसिह नार्वे कोर्ट मुंशी का अनुसंधान मे सराहनीय सहयोग एवं शासन की ओर से पैरवी नितिश गुप्ता अपर लोक अभियोजक की गई । प्रकरण के विवेचना अधिकारी व सराहनीय सहयोग तथा पैरवी कर्ता अधिकारी को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय बुरहानपुर पुरुस्कृत किया जाएगा।

# आगामी त्योहारों ईद मिलादुन्नबी कानून व्यवस्था ड्यूटी हेतु पुलिस कंट्रोल रूम बुरहानपुर में फोर्स हुआ फॉलिंग



**जिला ब्यूरो चीफ रेखा लहासे बुरहानपुर,दिनांक 5 सितंबर 2025 को जिला बुरहानपुर में मुस्लिम समाज के पवित्र त्योहार ईद मिलादुन्नबी पर निकलने वाले जुलूस एवं उतावली नदी हजरत शाह भिखारी दरगाह पर पढ़ी जाने वाली नमाज कि कानून व्यवस्था ड्यूटी के चलते पुलिस कंट्रोल रूम बुरहानपुर में फोर्स को फॉलिंग किया गया। अधीक्षक बुरहानपुर आशुतोष बागरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश,द्वारा समस्त फोर्स को ड्यूटी के संबंध में ब्रीफ किया गया एवं ड्यूटी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए श्रीमान द्वारा समस्त फोर्स को एंटी राईट ड्रिल सामग्री,रखने हेतु निर्देशित किया गया ब्रीफिंग के पश्चात फोर्स को ड्यूटी प्रमाण पत्र वितरित कर अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर रवाना किया गया। ब्रीफिंग दौरान पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर आशुतोषबागरी,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश, नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल डीएसपी प्रीतम सिंह ठाकुर, डीएसपी उमेश तिवारी , रक्षित निरीक्षक सुनील दीक्षित, यातायात थाना प्रभारी राजेश बारवाल,निरीक्षक टीकमचंद शिंदे थाना प्रभारी कोतवाली, शिकारपुरा, गणपति नाका, लालबाग नागेंद्र सिंह ठाकुर समस्त थानो के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।**

# 6 सितंबर को जिले के 456 फसल प्रभावित किसानों के खातों में 5.21 करोड़ से अधिक की राशि का अंतरण होगा-अर्चना चिटनिस





**जिला ब्यूरो चीफ रेखा लहासे**
बुरहानपुर। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) ने कहा कि मई-जुलाई 2025 में बुरहानपुर जिले में आए आंधी, तूफान से प्रभावित किसानों को 6 सितंबर 2025 को राहत राशि का वितरण सिंगल क्लिक के माध्यम से किया जाएगा। बुरहानपुर जिले के 38 ग्रामों के 456 प्रभावित किसानों के खातें में 5 करोड़ 21 लाख 84 हजार 571 रूपए फसल नुकसानी (केला एवं अन्य फसलों) राहत राशि का अंतरण किया जाएगा। इसमें बुरहानपुर तहसील के 33 ग्रामों के 433 किसानों के खातें में 5 करोड़ 1 लाख 47 हजार 671 रूपए तथा नेपानगर तहसील के 5 ग्रामों के 23 किसानों के खातें में 20 लाख 36 हजार 900 रूपए की राशि वितरित की जाएगी। ज्ञात हो कि बुरहानपुर जिले में मई और जुलाई में आंधी-तूफान से फसलें प्रभावित हुई थी। इसको लेकर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से मुलाकात कर शीघ्र राहत राशि प्रदान करने की मांग की थी। जिसके परिणाम स्वरूप राहत राशि जारी की जा रही है। श्रीमती चिटनिस ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि, बुरहानपुर जिले में माह 27 मई एवं 29 जुलाई 2025 को आयी आंधी तूफान के चलते केला फसल को काफी नुकसान हुआ था। इस दौरान तत्काल सर्वे दल का गठन कर फसल नुकसानी का सर्वे कार्य किया गया तथा आरबीसी 6-4 के तहत फसल नुकसानी के प्रकरण तैयार करते हुए शासन स्तर पर प्रकरणों को प्रेषित करने की कार्यवाही की गई। जिसके फलस्वरूप 6 सितंबर 2025 को प्रभावित किसानों के खातो में राशि का वितरण किया जाएगा।श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि, दिन-रात मेहनत करने के बाद प्राकृतिक आपदा से फसल बर्बाद हो जाए, तो ऐसे में किसान के दर्द का अंदाजा कोई और नहीं लगा सकता है। संकट की इस घड़ी में, भारतीय जनता पार्टी की सरकार हमेशा किसानों के साथ रहती है। केले की फसल की 50 प्रतिशत से अधिक क्षति होने पर 2 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से राहत राशि दी जा रही है। हमने केला फसल की हानि पर अधिकतम दी जाने वाली राशि की सीमा को रूपए 3 लाख से बढ़ाकर रूपए 6 लाख किया है। यह किसानों की सरकार है। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि, हमारी सरकार ने हमेशा किसानों की चिंता की है। किसानों पर जब भी संकट आया, भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों के संकट में उनके साथ खड़े रहती है।

# माताश्री कमला देवी की स्मृति में किया पौधारोपण



**इंदौर फर्स्ट समाचार** बागली स्वर्गीय घनश्याम सिंह तंवर की धर्मपत्नी व अग्निबाण पत्रकार ठाकुर तंवर दिनेश अतुल तंवर की पूज्य माता जी श्रीमती कमला देवी तंवर की स्मृति में परिवार जनों ने स्थानीय मुक्तिधाम परिसर पर पौधारोपण किया। इस अवसर पर अटल बिहारी तंवर नेमीचंद हेमंत महेंद्र तंवर राजेश, नवीन, मनोहर शिवांश तंवर ,राघवेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह ,प्रणव, बाबा विश्वास मकरंद तंवर, किशन पहलवान, डालूराम आर्य ,ओंकारलाल भाटी ,अशोक धबाई सहित गुर्जर समाज जन उपस्थित थे।

# वित्त मंत्री द्वारा जीएसटी ढाँचे में व्यापक बदलाव एवं मार्बल- ग्रेनाइट ब्लॉक्स पर दर में कमी हेतु मेवाड़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, चित्तौड़गढ़ ने जताया आभार।

**ओम जैन शंभूपुरा।** शंभूपुरा। भारत सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं जीएसटी काउंसिल द्वारा हाल ही में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों का मेवाड़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, चित्तौड़गढ़ हार्दिक स्वागत करता है। जहाँ एक ओर मार्बल एवं ग्रेनाइट ब्लॉक्स पर जीएसटी दर 12ब्र से घटाकर 5ब्र करना उद्योग जगत के लिए महत्वपूर्ण राहत है, वहीं दूसरी ओर सरकार द्वारा संपूर्ण जीएसटी ढाँचे को सरल बनाने एवं आवश्यक वस्तुओं पर कर दर घटाने जैसे कदम भी अत्यंत सराहनीय हैं। इससे व्यापार जगत, उपभोक्ताओं एवं आमजन सभी को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा तथा यह निर्णय भारत की अर्थव्यवस्था को और सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगा। अध्यक्ष सीए (डॉ.) अर्जुन मूंदड़ा एवं सचिव राकेश मंत्री ने बताया कि इस निर्णय से उद्योग में नई ऊर्जा का संचार होगा, आवश्यक वस्तुओं पर कर दर घटने से महँगाई नियंत्रण एवं जनकल्याण को बल मिलेगा, किंतु मार्बल एवं ग्रेनाइट उद्योग में वास्तविक लाभ तभी पहुँचेगा जब स्लैब एवं फिनिश्ड प्रोडक्ट्स पर भी जीएसटी दर को घटाया जाएगा। अतः मेवाड़ चैम्बर द्वारा सरकार से पुनः निवेदन किया गया कि स्लैब एवं फिनिश्ड गुड्स पर भी कर दर में समान रूप से कमी की जाए, जिससे संपूर्ण उद्योग एवं ग्राहकों तक राहत पहुँच सके। साथ ही मेवाड़ चैम्बर ने इस निर्णय में सहयोग एवं समर्थन प्रदान करने के लिए राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, जीएसटी काउंसिल सदस्य राजस्थान एवं विधायक गजेंद्र सिंह खिमसर, सांसद चित्तौड़गढ़ डॉ. सीपी जोशी, विधायक चित्तौड़गढ़ चंद्रभान सिंह आक्या एवं जिला कलेक्टर चित्तौड़गढ़ आलोक रंजन का भी आभार प्रकट किया है। इसके अतिरिक्त, स्लैब एवं फिनिश्ड प्रोडक्ट्स पर जीएसटी दर में कमी की माँग को लेकर मेवाड़ चैम्बर द्वारा पुनः ज्ञापन सौंपा गया है।

# मिट्टी से जिसने सोना बनाया ,जिंदगी को जीना सिखाया ,उस गुरु को शत-शत प्रणाम




**अरशद जागीरदार** उक्त विचार अभिज्ञान विद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों के सम्मान समारोह में समिति अध्यक्ष नरेंद्र कानड़ी द्वारा व्यक्त किए गए । हमारे देश की भारतीय संस्कृति में प्राचीन काल से ही शिक्षकों का सम्मान करने की परंपरा रही है, और इसी परंपरा को आगे बढ़ाने में तराना नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था अभिज्ञान हाई स्कूल हमेशा अग्रणी रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं शिक्षाविद डॉक्टर राधाकृष्णन के पूजन अर्चन से किया गया। इस अवसर पर अभिज्ञान विद्यालय में शिक्षकों का सम्मान बड़े ही हर्ष के साथ विद्यालय समिति के पदाधिकारियों व छात्रों द्वारा तिलक लगाकर व आकर्षक उपहार देकर किया गया। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष श्री नरेंद्र कानड़ी, सचिव श्री जगमोहन सोनी, कोषाध्यक्ष श्रीमती विनिता कानड़ी सदस्य अशोक कानड़ी , प्राचार्य दिनेश हरड़, अंग्रेजी विभाग प्रमुख श्रीमती मंजरी लोया प्रधानाध्यापक अंबाराम चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय के छात्रों ने कई सुंदर गीत व नृत्य प्रस्तुत किए। विद्यालय के छात्रों ने ही पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की । कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन विद्यालय की बालिका आलिमा मेव, इरम खान ने बखूबी किया। आभार समिति कोषाध्यक्ष श्रीमती विनिता कानड़ी ने माना। उक्त जानकारी संस्था प्रवक्ता राजेश मालवीय व हर्ष नागर ने दी ।

# त्याग इंसान को भगवान बना देता है-क्षुल्लक महोदय सागर



जुबेर अहमद धरियावद 9001885006 धरियावद-पर्वराज पर्यूषण के आठवें दिन दिगंबर जैन क्षुल्लक श्रीमहोदय सागर जी महाराज ने त्याग धर्म का महत्व बताया। श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर परिसर में आयोजित धर्मसभा के दौरान उन्होंने कहा कि उत्तम त्याग धर्म का दिन प्रकृति की तरह हमारी संस्कृति का बोध कराता है। वृक्ष परोपकार के लिए फलते हैं, नदियां परोपकार के लिए बहती हैं, बादल परोपकार के लिए बरसते हैं। इसके विपरीत सैकड़ों नदियों का संग्रह कर सागर खारा ही रहता है। देना हमारी संस्कृति है और संग्रह करना विकृति है। महोदय सागर जी महाराज ने कहा कि भगवान महावीर ने त्याग को धर्म और भोग को अधर्म बताया था। जिस व्यक्ति के जीवन में भोगों की बहुलता रहती है और त्यागवृत्ति कम रहती है,उसका जीवन अतृप्त, अशांत एवं व्याकुल बना रहता है। हमारे महापुरुषों ने शांति की तलाश में महल का त्याग किया। मगर लोग शांति का त्याग कर रहे हैं और महलों की तलाश में हैं।क्षुल्लक जी ने कहा कि सदाचरण हैवान को इंसान बना देता है और माली वीरान बगीचे को गुलिस्तां बना देता है। वैसे ही त्याग इंसान को भगवान बना देता है। इंसान जब दिन की शुरुआत करता है, तब लगता है पैसा ही जीवन है। लेकिन शाम जब घर लौटकर आता है तो लगता है,शांति ही जीवन है। जीवन में दान की महिमा बताते हुए महोदय सागर जी ने कहा कि कानों की शोभा कुंडल नहीं बल्कि जिनवाणी श्रवण से है। इसी तरह आंखों की शोभा काजल से नहीं बल्कि जिनदर्शन से है। पैरों की शोभा पायल से नहीं बल्कि तीर्थयात्रा से है। जिव्हा की शोभा व्यर्थ बोलने से नहीं बल्कि प्रभु गुणगान से। वैसे ही हाथों की शोभा सत्पात्र दान से होती है।

मालिक पूजा भट्ट के लिए प्रकाशक मुद्रक शानू महेश्वरी द्वारा 141 गिरिराज कॉलोनी कानी पुरा रोड उजैन मध्य प्रदेश से प्रकाशित कर उदय रत्न ऑफसेट 1।0 /02 दारू गोडाउन के आगे आगर रोड उजैन मध्य प्रदेश से मुद्रित संपादक -शानू माहेश्वरी मोबाइल नंबर - ।9।4826006, 8643056464, 9।।5154444 ( सभी विवाद का न्याय क्षेत्र उजैन मध्य प्रदेश रहेगा)कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट)